रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 85] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अप्रैल 28, 2011/वैशाख 8, 1933
No. 85] NEW DELHI, THURSDAY, APRIL 28, 2011/VAISAKHA 8, 1933

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(डाक विभाग)

(डाक जीवन बीमा निदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 अप्रैल, 2011

फा. सं. 25-1/2011-एलआई.—भारत के राष्ट्रपति "डाक जीवन बीमा एवं बंदोबस्ती बीमा से संबंधित डाकघर बीमा निधि नियमावली, 30-9-1985 तक संशोधित" के स्थान पर "डाकघर जीवन बीमा नियमावली-2011" के प्रकाशन का निर्देश देती हैं। "डाकघर जीवन बीमा नियमावली-2011" संलग्न है।

नई "डाकघर जीवन बीमा नियमावली-2011" उसके भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू होगी।

शेखर के. सिन्हा, मुख्य महाप्रबंधक (डाक जीवन बीमा)
अतिरिक्त सचिव, भारत सरकार के समकक्ष

डाकघर जीवन बीमा नियमावली 2011

निम्नलिखित नियम भारत सरकार के प्राधिकार से जारी किए जाते हैं:-

1. लघु शीर्षक, विस्तार एवं प्रारंभ - इन नियमों को डाकघर जीवन बीमा नियमावली, 2011 कहा जाएगा।

2. इनका विस्तार समूचे भारत में होगा।

3. ये भारत के सरकारी राजपत्र में अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होंगे।

2. राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वह इन नियमों में अथवा अदा किए जाने वाले प्रीमियम में समय-समय पर ऐसे परिवर्धन, परिवर्तन या आशोधन करें जिन्हें वह आवश्यक समझते हैं, बशर्ते कि ऐसे किसी परिवर्धन, परिवर्तन या आशोधन से पालिसी के लिए की गई संविदा की शर्तों पर प्रभाव नहीं पड़े जो संविदा किए जाने के समय लागू इन नियमों अथवा अन्य नियमों के अंतर्गत महानिदेशक डाक के साथ किसी व्यक्ति ने किए हों जब तक कि ऐसा कोई व्यक्ति ऐसे परिवर्धन या आशोधन के लिए अपनी लिखित सहमति न दे दे।

3. इन नियमों के अंतर्गत डाकघर जीवन बीमा निधि एवं ग्रामीण डाकघर जीवन बीमा निधि का प्रशासन महानिदेशक डाक में निहित किया गया है, जिन्हें समय-समय पर ऐसे सहायक विनियम एवं आदेश जिन्हें आवश्यक समझा जाए, जारी करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, बशर्ते कि ऐसा कोई विनियम या आदेश, इन नियमों के किसी प्रावधान अथवा राष्ट्रपति द्वारा इसमें इसके बाद बनाए गए किसी नियम के साथ असंगत न हों।

4. डाकघर जीवन बीमा नियमावली 2011 डाक विभाग के डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा पर लागू होगी।

परिभाषाएं:

5. "स्वीकृति पत्र" पोस्टमास्टर जनरल/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रस्तावक को प्रस्ताव की स्वीकृति के संबंध में दी जाने वाली सूचना है।

2. "स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी" से आशय ऐसे अधिकारी से है जो डाक जीवन बीमा पालिसी/ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी के प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत होता है।

3. "आयु प्रमाण" से आशय उस प्रमाण से है जो प्रस्तावक द्वारा प्रस्ताव की तारीख को उसमें अगले जन्म दिन पर उसकी आयु को सुनिश्चित करता है।

4. "प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा" से आशय विनिर्दिष्ट अवधि तक किसी व्यक्ति के जीवित रहने पर इस व्यक्ति या उसके समनुदेशिती को नियत किश्तों में एक निश्चित धन राशि अदा करने या परिपक्वता की विनिर्दिष्ट तारीख से पहले व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके विधिक प्रतिनिधि या समनुदेशितियों को निश्चित एक मुश्त धन राशि अदा करने के लिए सरकार द्वारा की गई बीमा संविदा है।

5. "स्वत: प्रदत्त पालिसी (आटो पेड अप) " से आशय ऐसी पालिसी से है जिसमें 36 या इससे अधिक प्रीमियम का भुगतान किया गया हो, और इसने स्वीकृति की तारीख से तीन वर्ष अथवा अधिक की अवधि पूरी कर ली हो तथा पालिसी धारक बिना सूचित किए अगले प्रीमियम की अदायगी रोक देता है। तथापि, पालिसी मूल पालिसी की तिथि को ही परिपक्व हो जाएगी और ऐसा मूल बीमित राशि के लिए होगा, जब भावी देय प्रीमियम एकल भुगतान द्वारा एक साथ कर दिया जाए अथवा घटी हुई बीमित राशि के लिए होगा जब मूल पालिसी के संबंध में प्रीमियम विनिर्दिष्ट अवधि से पहले बंद कर दिया गया हो।

6. "बाल पालिसी"। से आशय बच्चे अथवा उसके माता-पिता को बच्चे के जीवन की एक निश्चित अवधि पर अथवा उसकी मृत्यु यदि मृत्य विनिर्दिष्ट तिथि से पहले होती है, पर उसके विधिक प्रतिनिधि अथवा समनुदेशिती को एक निश्चित धन राशि अदा करने के लिए सरकार द्वारा की गई संविदा है।

7. "सरांशीकरण" से आशय परिपक्वता की तारीख को छोड़कर बीमा की संविदा में किए गए किसी परिवर्तन से है और इसमें प्रीमियम की अवधि, प्रीमियम की राशि या बीमाकृत राशि में किया जाने वाला परिवर्तन भी शामिल है।

8. "संपरिवर्तन" का आशय बीमा संविदा की परिपक्वता की तारीख को प्रभावित करने वाले किसी परिवर्तन से है और इसमें केवल आजीवन बीमा श्रेणी को बन्दोबस्ती बीमा श्रेणी में किया जाने वाला परिवर्तन ही शामिल नहीं होता, अपितु बन्दोबस्ती बीमा पालिसी के परिपक्वता होने की अवधि का पूर्व दिनांक अथवा उस पर आगे की तारीख डालना तथा परिणामस्वरूप प्रीमियम में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी भी शामिल है।

9. "परिवर्तनीय आजीवन बीमा" से आशय किसी व्यक्ति की मृत्यु पर उसके विधिक प्रतिनिधि या समनुदेशिती को एक निश्चित धन राशि अदा करने के लिए सरकार द्वारा की गई जीवन बीमा संविदा है जिसमें पालिसी धारक के पास जोखिम आरम्भ होने की तारीख से पांच वर्ष (6 वर्ष की समाप्ति पर अनुग्रह अवधि के साथ) समाप्त होने पर पालिसी को बन्दोबस्ती बीमा करने का विकल्प होगा जो एक विनिर्दिष्ट आयु में परिपक्व होगा।

10. "स्वीकृति की तारीख" से आशय उस तारीख से है जिसको प्रस्ताव स्वीकार किया गया है तथा प्रस्तावक को जारी किए गए "स्वीकृत पत्र" में इसका उल्लेख हो।

11. "जोखिम आरम्भ की तारीख" से आशय उस तारीख से है जिसको प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। स्वीकृति की तारीख से पूर्व डाक जीवन बीमा या ग्रामीण डाक जीवन बीमा पर कोई दावा नहीं किया जाएगा।

12. "प्रत्यक्ष एजेन्ट" [2-3] से आशय बीमा एजेन्ट से है जिनकी नियुक्ति पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा की जाती है जो डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा व्यवसाय प्राप्त करने एवं मांगने के लिए जिसमें डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा की पालिसियों को जारी रखने, नवीकरण तथा पुनःप्रवर्तित करने से संबंधित व्यवसाय भी शामिल है, कमीशन अथवा अन्य पारिश्रमिक प्राप्त करता है अथवा प्राप्त करने के लिए सहमति देता है।

13. "निदेशक डाक जीवन बीमा" से आशय निदेशक, डाक जीवन बीमा, कोलकाता से है।

14. "प्रीमियम की नियत तारीख" से आशय महीने के पहले दिवस से है, जिसको प्रीमियम देय होगा।

15. "बन्दोबस्ती बीमा" से आशय सरकार द्वारा किसी व्यक्ति या उसके समनुदेशिती को उसके जीवन काल की किसी विनिर्दिष्ट अवधि पर या यदि उसकी मृत्यु विनिर्दिष्ट तारीख से पहले हो जाती है तो उसके विधिक प्रतिनिधि या समनुदेशितियों को एक निश्चित धन राशि अदा करने के लिए की गई संविदा है।

16. "डिवीजन प्रमुख" से आशय डाक डिवीजन/रेल डाक सेवा डिवीजन के प्रमुख/मुख्य पोस्टमास्टर से है।

17. "आसन्न वरिष्ठ अधिकारी" से आशय उस कार्यालय के मुख्य अधिकारी से है जहां प्रस्तावक सेवारत है। यदि प्रस्तावक स्वयं कार्यालय का प्रधान है तो आसन्न वरिष्ठ अधिकारी का आशय उस अधिकारी से होगा जिनके प्रस्तावक सीधे अधीन है।

18. "बीमित" या "बीमित व्यक्ति" से आशय ऐसे व्यक्ति से है जिसे कि डाक जीवन बीमा या ग्रामीण डाक जीवन बीमा जारी किया जाता है।

19. "संयुक्त जीवन बीमा/युगल सुरक्षा" [4] से आशय किसी व्यक्ति या उसके जीवित पति/पत्नी या उसके समनुदेशितियों को किसी कतिपय विनिर्दिष्ट समयावधि के बाद अथवा उसकी मृत्यु पर उसके विधिक प्रतिनिधि या समनुदेशितियों को, यदि मृत्यु विनिर्दिष्ट समयावधि से पहले हो, देय धन राशि का भुगतान करने के लिए सरकार द्वारा की गई जीवन बीमा संविदा है।

20. "पालिसी का व्यपगमन" – ऐसी पालिसी जो 3 वर्षों से अधिक सक्रिय रहे और यदि उसका प्रीमियम/प्रीमिया लगातार 12 महीनों से जमा न किया गया हो तो वह व्यपगत होगी।

21. "जीवन बीमा" संविदा एक ऐसी संविदा है जिसके द्वारा सरकार एक निश्चित प्रीमियम, चाहे वह पूर्ण राशि के रूप में अथवा आवधिक तौर पर भुगतान किया जाता है, उस व्यक्ति को भुगतान करने के लिए वचन देती है, जिसके लाभ के लिए बीमा किया गया है, वह विनिर्दिष्ट राशि किसी निश्चित अवधि की समाप्ति पर अथवा जिस व्यक्ति का बीमा किया गया है, उसकी मृत्यु होने पर विनिर्दिष्ट राशि में हो सकती है।

22. "विपणन कर्मी" [5] कर्मचारी या ऐसा व्यक्ति है जिसे पोस्टमास्टर जनरल या डिवीजन प्रमुख द्वारा डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा व्यवसाय की प्राप्ति के लिए नामित किया जाता है। विपणन कर्मी में आईपीओ, एएसपीओ, एएसआरएम, पूर्व – डीओ (पीएलआई), पीआरआई (पी), पोस्टमास्टर चयनित डाक सहायक, पोस्टमैन, सेवानिवृत्त जीडीएस बीपीएम, डीओ (पीएलआई), फील्ड अधिकारी (पीएलआई), एसपीएम (ग्रामीण एसओ), जीडीएस कर्मी तथा प्रत्यक्ष कर्मी एजेंट जैसे आगंनवाडी कर्मचारी, महिला मंडल कर्मचारी, पूर्व सेवा कर्मी, सेवानिवृत्त स्कूल अध्यापक, एसएचजी, ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्य तथा अन्य कर्मचारी/व्यक्ति शामिल होते हैं जो कि डाक डिवीजन के प्रमुख द्वारा उपयुक्त समझा जाए।

23. "प्रदत्त पालिसी" का आशय उस पालिसी से है जिसमें आगे कोई भुगतान या प्रीमियम अदा करना अपेक्षित न हो लेकिन जो मूल पालिसी के समान तिथि को परिपक्व हो, और यदि भविष्य में देय प्रीमियम का एक साथ भुगतान कर दिया गया हो तो मूलरूप से बीमाकृत राशि के लिए अथवा यदि मूल पालिसी के संबंध में देय प्रीमियमों को नियत अवधि से पहले देना बंद कर दिया जाता है, तो कम की गई राशि के लिए।

24. "भुगतान एवं लेखाधिकारी तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी" से आशय उस अधिकारी से है, चाहे उसका सरकारी पदनाम कुछ भी हो, जिसके कार्यालय में प्रस्तावक अथवा बीमित व्यक्ति के वेतन एवं भत्तों का लेखा रखा जाता है।

25. "अनुग्रह की अवधि"[6] - कलेंडर माह जिसके लिए प्रीमियम देय है, के अंतिम दिन तक बढ़ जाएगी अथवा यदि माह के अंतिम दिन को रविवार या डाक अवकाश पड़ता है तो अंतिम दिन के पूर्व के दिन तक अनुग्रह की अवधि को बढ़ा दिया जाएगा।

26. "पालिसी" से आशय एक ऐसे लिखित दस्तावेज से है जिसमें बीमा के संबंध में संविदा की शर्तें शामिल है।

27. "प्रवृत्त पालिसी" का आशय उस पालिसी से है जिनके लिए सभी देय प्रीमियमों का नियमित भुगतान होता है और ऐसी पालिसी डाकघर बीमा निधि नियमावली के किसी नियम के अधीन कभी भी "शून्य" अथवा "व्यपगत" नहीं हुई है।

28. डाकघर जीवन बीमा निधि से आशय डाक जीवन बीमा से निर्मित निधि में बकाया राशि से है।

29. डाक जीवन बीमा के अंतर्गत आजीवन बीमा, बन्दोबस्ती बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, प्रत्याशित बीमा, संयुक्त जीवन बीमा एवं बाल पालिसी एवं ऐसी कई स्कीमें आती हैं जिन्हें डाक विभाग द्वारा समय-समय पर प्रारंभ किया जाता है।

30. "पोस्टमास्टर जनरल" से आशय संबंधित डाक सर्किल या क्षेत्र के प्रमुख से है जिसमें डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मामलों में पोस्टमास्टर जनरल के अधिकारों का प्रयोग करने वाले सभी अधिकारी शामिल है।

31. "डाकघर" का आशय महानिदेशक (डाक) के नियंत्रण के अंतर्गत आने वाले भारत के प्रधान या उप डाकघर या शाखा डाकघर से है। अभियान बल के साथ फील्ड सेवा पर सेवारत बीमादारों के लिए, इसमें बेस डाकघर भी शामिल है।

32. "प्रीमियम" का आशय किसी पालिसी के लिए की जाने वाली आवधिक अदायगी से है।

33. "प्रस्तावक/प्रस्ताव" से आशय ऐसे व्यक्ति से है जो डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा की स्कीम/स्कीमों के लिए आवेदन करता है।

34. "ग्रामीण डाकघर जीवन निधि (आरपीओएलआईएफ) " से आशय ग्रामीण डाक जीवन बीमा से उपन्न हुए निधि में बकाया राशि से है।

35. "ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) " में आजीवन बीमा, बन्दोबस्ती बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा, संयुक्त जीवन बीमा, बाल पालिसी तथा ग्रामीण जीवन बीमा में 10 वर्षीय पालिसी तथा ऐसी अन्य स्कीमें जो समय-समय पर डाक विभाग द्वारा प्रारंभ की जाएंगी, शामिल होती हैं।

36. "पालिसी के अभ्यर्पण मूल्य" से आशय उस राशि से है जो कि बीमाकृत व्यक्ति को उस समय देय होती है जब वह अपनी पालिसी के आकस्मिक लाभ को छोड़ देता है और फिर तत्काल नकद भुगतान के लिए उसे अभ्यर्पित कर देता है; बशर्ते कि कम से कम 36 प्रीमियम जमा किए गए हों और पालिसी ने 36 महीने की अवधि पूरी कर ली हो।

37. "शून्य" का आशय ऐसी पालिसी से है जिसकी अवधि 3 वर्ष से कम हो जिसके प्रीमियम जो देय हो गया हो, का भुगतान न तो महीने के प्रथम दिवस को जिसके लिए प्रीमियम नियत था, और न ही अनुग्रह अवधि के अंदर किया गया हो।

38. "आजीवन बीमा" से आशय व्यक्ति की मृत्यु पर उसके विधिक प्रतिनिधि अथवा समनुदेशिती को राशि का भुगतान करने के लिए सरकार द्वारा की गई जीवन बीमा संविदा से है, बशर्ते कि पालिसी मृत्यु की तारीख को प्रवर्तित हो।

सामान्य नियम :-

डाक जीवन बीमा के लिए पात्रता शर्तें:-

6. निम्नलिखित व्यक्ति डाकघर जीवन बीमा नीधि के लाभों को लेने के लिए पात्र है बशर्ते कि उनकी आयु प्रस्ताव की तारीख पर उनके अगले जन्मदिन पर 19 वर्ष से कम तथा 55 वर्ष से अधिक न हो, प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा, संयुक्त जीवन बीमा तथा बाल पालिसी के मामलों के सिवाय जिनके लिए न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा अलग से निर्धारित हैं।

1. केन्द्र/राज्य सरकारों के सभी स्थायी तथा अस्थायी कर्मचारी, सरकार (केन्द्र/राज्य) द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों, ग्रामीण डाक सेवकों, सरकारी सहायता प्रदत्त संस्थाओं, राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के अधीनस्थ बैंकों, सरकार द्वारा अधिसूचित वित्तीय संस्थानों, प्रतिरक्षा कर्मचारी (थल, नौ, वायु सेना), असम राइफल्स, आईटीबीपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ एवं सीआरपीएफ इत्यादि सहित अर्धसैनिक बलों के स्थायी/अस्थायी कर्मचारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (केन्द्र तथा राज्य) के नियमित[7], क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों स्थानीय निकायों के स्थायी एवं अस्थायी कर्मचारी[8,10] जिन्हें मूल नियमावली 9 (14) में परिभाषित के अनुसार स्थानीय निधियों से वेतन दिया जाता है।
2. वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, भारतीय चिकित्सा परिषद, भारतीय दंत परिषद, भारतीय नर्सिंग परिषद तथा भारतीय फार्मेसी परिषद के सभी स्थायी एवं अस्थायी कर्मचारी।[9]

3. दूरसंचार तथा डाक विभाग के औद्योगिक एवं कार्य प्रभारित कर्मचारी जिनका वेतन मूल नियमावली के तहत विनियमित है।
4. केन्द्र/राज्य सरकारों की विनिर्दिष्ट नियमावली द्वारा स्थापित स्वायत्त निकायों के सभी स्थायी तथा अस्थायी कर्मचारी[9]।
5. रक्षा सेवाओं के सदस्य जिनमें शॉर्ट सर्विस कमीशन, विस्तारित सर्विस कमीशन एवं अन्य प्रकार के अस्थायी कमीशन प्राप्त भी शामिल हैं, निधि में सम्मिलित होने के पात्र हैं।

टिप्पणी 1 : अगर रक्षा सेवा के किसी सदस्य का रिजर्व में स्थानांतरण हो जाता है तो उसकी पॉलिसी नकद पॉलिसी में परिवर्तित हो जाती है, जिसके प्रीमियम का भुगतान उसके चुने हुए डाकघर में प्रीमियम से संबंधित महीने के अंतिम दिन या इससे पहले नकद में किया जा सकता है। अगर अंतिम दिन रविवार अथवा डाक अवकाश होता है तो राशि का भुगतान इससे पहले वाले कार्यदिवस को किया जाना चाहिए।

डाक जीवन बीमा में बीमित राशि की सीमाएं

7. नियम 6 के अंतर्गत डाकघर जीवन बीमा निधि के लाभ का पात्र कोई भी व्यक्ति अपने जीवन के लिए कोई भी बीमा जैसे- आजीवन बीमा, बन्दोबस्ती बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा और युगल सुरक्षा बीमा या इन सब में एक साथ प्रत्येक श्रेणी में 20,000/-रु. तक के लिए करवा सकता है लेकिन बीमा की किसी एक श्रेणी/सभी श्रेणियों को एक साथ मिलाकर यह राशि कुल दस लाख रु. (10,00,000/-रु.)[12,13,14] से अधिक नहीं होनी चाहिए। 20,000/-रु. की न्यूनतम सीमा के बाद बीमा का मूल्य 10,000/-रु[11] के गुणकों में लिया जा सकता है जैसे 20,000/-रु., 30,000/-रु., 40,000/-रु., 50,000/-रु. और इस प्रकार।

जीवन बीमा एवं बन्दोबस्ती बीमा तथा अन्य प्रकार के बीमा

8. आजीवन बीमा या बन्दोबस्ती बीमा या परिवर्तनीय आजीवन बीमा पालिसयी को चुनी हुई अवधि के अंत तक अथवा बीमित व्यक्ति की मृत्यु तक, जो भी पहले हो, इन नियमों की क्रमश: तालिका – I[15,19], II[15,16,18,19] एवं III[15,17] में दिए अनुसार मासिक प्रीमियम भुगतान करके प्रभावी किया जा सकता है। प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा एवं संयुक्त जीवन बीमा को इन नियमों की क्रमश: तालिका IV[15] और तालिका V[4] में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार चुनी गई अवधि के अंत तक या बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने तक, जो भी पहले हो, मासिक प्रीमियम भुगतान करके प्रभावी किया जा सकता है। बाल पालिसी के मासिक भुगतान को इन नियमों की तालिका VI[1] के अनुसार विनियंत्रित किया जाएगा।

टिप्पणी :- प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा और संयुक्त जीवन बीमा को छोड़कर प्रत्येक मामले में देय मासिक प्रीमियम की अधिकतम संख्या, प्रविष्टि के समय दी गई आयु जिसके अनुसार प्रीमियम प्रभारित किया गया है और उस आयु, जब भुगतान बंद किया जाना है, के बीच के अंतर का बारह गुणा होगी। प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा और संयुक्त जीवन बीमा के मामले में देय मासिक प्रीमियम की अधिकतम संख्या चुनी गई अवधि का बारह गुणा होगी।

9. प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा (01-02-1984 से लागू)

इस स्कीम के अंतर्गत बीमा दो प्लानों में उपलब्ध है, पहली 15 वर्ष एवं दूसरी 20 वर्षों की अवधि की। दोनों प्लानों में प्रवेश के समय न्यूनतम आयु अगले जन्मदिन पर 19 वर्ष होगी जबकि 15 वर्ष एवं 20 वर्ष वाली योजनाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा क्रमश: 45 वर्ष तथा 40 वर्ष होगी। दोनों योजनाओं के अनर्गत बीमित राशि का भुगतान निम्नलिखित तालिका IV में दिए अनुसार चार किश्तों में किया जाएगा। पालिसी की अवधि के दौरान किसी भी समय मृत्यु होने पर पूरी बीमित राशि तथा उस पर मिलने वाले बोनस का भुगतान किया जाएगा जो पहले से भुगतान किए आवधिक उत्तरजीवी लाभ में बगैर किसी समायोजन के होगा। इस योजना के अंतर्गत जारी पालिसी के लिए कोई अभ्यर्पण मूल्य अथवा कोई ऋण नहीं दिया जाएगा। इस पालिसी मे/में कोई फेरबदल की अनुमति नहीं है। परिपक्वता आयु से पहले प्रीमियम बंद होने की स्थिति में जो राशि जमा की गई होगी उसे कम करके भुगतान किया जाएगा, बशर्ते कि कम से कम तीन साल के प्रीमियम का भुगतान किया हुआ हो. जमा गई बीमित राशि का भुगतान केवल परिपक्वता की तिथि को किया जाएगा, अर्थात् अनुबंधित प्लान अवधि के अंत में या बीमित व्यक्ति की मृत्यु पर तथा उत्तरजीवी लाभ पर आगे कोई आवधिक भुगतान नहीं किया जाएगा।

9 (क) ग्रामीण डाक जीवन बीमा (24-03-1995 से लागू)

"ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना-1995"[20,21] जिसे "ग्रामीण योजना" भी कहा जाता है, की परिकल्पना सामान्य रूप से ग्रामीण जनता को बीमा कवर प्रदान करने एवं विशेषत: ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर वर्गों एवं महिला कामगारों को लाभ पहुंचाने के लिए की गई। "ग्रामीण योजना" के लिए समय-समय पर संशोधित डाकघर जीवन बीमा नियमावली-2011, इस स्कीम के अंतर्गत विनिर्दिष्ट एवं अधिसूचित विशेष प्रावधानों के अलावा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होगी। यह स्कीम स्थाई रूप से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले सभी व्यक्ति, पुरुष या महिलाओं को कवर करेगा जो सामान्य रूप से भारत के निवासी हो ताकि विदेशियों एवं प्रवासी भारतीयों को इससे बाहर रखा जा सके। इन पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले व्यक्ति अपने अगले जन्म दिवस को 19 एवं 55[22] वर्ष के बीच होने चाहिए, दस वर्षों के ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा योजना को छोड़कर जिनके लिए ऊपरी आयु सीमा अलग से निर्धारित है। जो पालिसीधारक बाद में अपना निवास भारत से बाहर स्थानांतरित करता/करती है उसे बकाया प्रीमियमों को भारत में ही विनिर्दिष्ट डाकघर में भारतीय मुद्रा में भुगतान करने की व्यवस्था करनी होगी। ऐसे व्यक्तियों की पालिसियों के संबंध में दावों का निपटान डाकघर जीवन बीमा नियमावली 2011 के अनुसार भारतीय मुद्रा में किया जाएगा। डाक जीवन बीमा की मौजूदा योजनाएं जैसे आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, बंदोबस्ती बीमा एवं प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा "ग्रामीण योजना" के अंतर्गत उपलब्ध हैं। इस योजना के अंतर्गत बीमा के लिए न्यूनतम सीमा 10,000/-रु.(दस हजार रुपये) है और चिकित्सा योजना के अंतर्गत, सभी योजनाओं के अंतर्गत कुल बीमित राशि मिलाकर 3,00,000/-रु. (तीन लाख रु. केवल)[25] से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि गैर-चिकित्सा योजना पालिसियों[23] के संबंध में अधिकतम सीमा, सभी योजनाओं के अंतर्गत कुल बीमित राशि मिलाकर 25,000/-रु. (पच्चीस हजार रु. केवल) से अधिक नहीं होनी चाहिए। गैर-चिकित्सा पालिसियों के संबंध में, समय-समय पर यथासंशोधित डाकघर जीवन बीमा नियमावली 2011 लागू होगी। "ग्रामीण योजना" के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के लिए लागू प्रीमियम की दरें, जहां "ग्रामीण योजना" के लिए अलग प्रीमियम दरें विशेष रूप से निर्धारित की गई हो, उनको छोड़ कर, विभाग द्वारा समय-समय पर डाक जीवन बीमा स्कीमों की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विनिर्दिष्ट प्रीमियम तालिकाओं के समान ही होंगी। आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, बंदोबस्ती बीमा एवं प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा के लिए प्रीमियम तालिकाएं इस नियम के अंत में तालिकाएं VII, VIII, IX एवं X के रूप में दी गई हैं। "ग्रामीण योजना" के अंतर्गत प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा के लिए निबंधन एवं शर्तें डाक जीवन बीमा में निर्धारित निबंधन एवं शर्तों के समान हैं।

(ख) गैर-मानक आयु प्रमाण के साथ बीमित राशि की अधिकतम सीमा एक लाख रु. होगी। 5% अतिरिक्त प्रीमियम जोड़ा जाएगा एवं 25000/-रु. से अधिक की बीमित राशि वाली पालिसियां सामान्य चिकित्सा-जांच के अधीन होगी। अगर कोई व्यक्ति गैर-मानकीय आयु प्रमाण के साथ 25000/-रु. (बीमित राशि) अथवा इससे अधिक की पालिसियां लेता है तो उसकी आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।[24]

10. दस वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना (24-03-1995 से लागू)

(क) इस योजना के अंतर्गत एक पालिसी केवल दस वर्षों के लिए ही उपलब्ध होगी[26]। इस योजना के अंतर्गत न्यूनतम बीमित राशि 10000/-रु. (दस हजार रु. मात्र) तथा सभी योजनाओं के तहत कुल बीमित राशि की अधिकतम सीमा 3,00,000 रु. (तीन लाख रु. मात्र) से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि गैर-चिकित्सा योजनाओं के संबंध में सभी योजनाओं के तहत कुल बीमित राशि की अधिकतम सीमा 25,000/-रु. (पच्चीस हजार रु. केवल) से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसा व्यक्ति जिसकी आयु उसके अगले जन्मदिन पर 19 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो, वह इस योजना के लिए पात्र है। इस योजना के तहत बीमाकर्ता को बीमित राशि के प्रतिशत के रूप में दो किश्तों में आवधिक उत्तरजीवी लाभ का भुगतान किया जाता है तथा अगर बीमाकर्ता निर्धारित अवधि तक जीवित रहता है तो इन नियमों के अंत में नीचे दी गई तालिका XI में दिए अनुसार परिपक्वता अवधि पूरी होने पर शेष राशि का भुगतान इस राशि पर अर्जित बोनस के साथ किया जाएगा। पालिसी की अवधि के दौरान किसी भी समय बीमाकर्ता की मृत्यु हो जाने पर, संपूर्ण बीमित राशि उस पर अर्जित बोनस के साथ देय होगी, इसमें पहले से भुगतान किए गए उत्तरजीवी लाभों का समायोजन नहीं किया जाएगा अथवा जिन उत्तरजीवी लाभों का भुगतान किया जाना देय है यानी देय उत्तरजीवी लाभ जिनका भुगतान नहीं किया गया है, का भी भुगतान दावा की गई राशि के साथ किया जाएगा। इस योजना के तहत कोई अभ्यर्पण अथवा ऋण की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस योजना में/में कोई परिवर्तन की अनुमति नहीं है। परिपक्वता आयु से पहले प्रीमियम समाप्त होने की स्थिति में जो राशि जमा की गई होगी उसे कम करके भुगतान किया जाएगा, बशर्ते कि कम से कम तीन साल के प्रीमियम का भुगतान

किया हुआ हो। जमा की गई बीमित राशि का भुगतान केवल परिपक्वता की तिथि को किया जाएगा, अर्थात् अनुबंधित प्लान अवधि के अंत में या मृत्यु से पहले जिस आयु तक बीमा किया गया हो तथा उत्तरजीवी लाभ पर आगे कोई आवधिक भुगतान नहीं किया जाएगा।

(ख) इस "योजना" के तहत, अगर कोई बीमाकर्ता अपने स्थाई निवास के इलाके में बाढ़, सूखा अथवा भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के परिणामस्वरूप अपने देय प्रीमियमों का भुगतान नहीं कर पाता/पाती, बशर्ते कि प्रस्ताव फार्म में उसने उक्त निवास को घोषित किया हो, तो उससे ऐसी प्राकृतिक आपदा के घटित होने के बाद उपार्जित तथा तत्पश्चात् अधिकतम 12 महीनों की अवधि तक भुगतान किए जाने वाले बकाया प्रीमियमों पर कोई ब्याज/जुर्माना नहीं लिया जाएगा। अगर बीमाकर्ता ऐसा चाहता है तो, पोस्टमास्टर जनरल ऐसे बकायों का भुगतान तदनंतर मासिक किश्तों में करने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं, छह से अधिक किश्त नहीं होनी चाहिए। ऐसे मामलों में जहां ऐसी प्राकृतिक आपदा के घटित होने के 12 महीने के भीतर बीमाकर्ता की मृत्यु हो जाती है और प्राकृतिक आपदा के घटित होने के महीने से प्रीमियमों का भुगतान नहीं किया गया हो तो, ऐसी पालिसियां विभाग द्वारा स्वीकार कर लेनी चाहिए। तथापि, ऐसे मामलों में जहां प्रीमियमों का बकाया प्राकृतिक आपदाओं के घटित होने के पहले से है अथवा प्राकृतिक आपदा के घटित होने के 12 महीनों के बाद भी है तो ये मामले उक्त अपवाद के अधिकारक्षेत्र में नहीं आते और इन पर सामान्य नियमों के तहत अन्य मामलों के समान कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, ऐसे मामलों में जहां पोस्टमास्टर जनरल ने प्रीमियमों के बकायों का भुगतान किश्तों में करने की अनुमति प्रदान की हो और बकाए की पहली किश्त जमा करने के पश्चात् किसी भी समय बीमाकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो पालिसी को बरकरार माना जाएगा और इसे विभाग द्वारा स्वीकृत किया जाएगा, बशर्ते कि किस्तों में भुगतान करने के लिए अनुमति प्रदान किए गए बकायों के अलावा शेष सभी नियमित प्रीमियम बीमाकर्ता द्वारा नियमित रूप से जमा कर दिए हों। उपर्युक्त सभी मामलों में प्रीमियमों के बकाए की वसूली बीमाकर्ता के विधिक वारिस/नामिती को देय दावे की राशि से की जाएगी। उपर्युक्त सभी मामलों में, बीमाकर्ता/दावाकर्ता द्वारा जिलाधिकारी से एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें उस इलाके में प्राकृतिक आपदा घटित होने एवं इस कारण बीमाकर्ता के जान अथवा माल का नुकसान होने की पुष्टि की गई हो, जहां बीमाकर्ता रहता है/रह रहा है।

11. संयुक्त जीवन बीमा (01-08-1997 से लागू)[4]

यह पालिसी अपने/अपनी पति/पत्नी सहित उस व्यक्ति को जारी की जाएगी जो साक्षर हो और पति/पत्नी दोनों को बीमा कवर प्रदान करने के लिए उसकी स्वतंत्र आय हो। इस पालिसी की अवधि कम से कम 5 वर्ष एवं अधिक से अधिक 20 वर्षों के लिए सीमित होगी। जिस व्यक्ति की एक से अधिक पति/पत्नी जीवित हैं तो ऐसा कवर केवल उसके ज्येष्ठतम पति/पत्नी के संदर्भ में उपलब्ध होगा। पति/पत्नियों की प्रविष्टि के समय आयु 21 वर्षों से कम नहीं और 45 वर्षों (अगले जन्मदिन पर) से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी तरह, अपेक्षाकृत बड़े पति/पत्नी की परिपक्वता पर आयु अगले जन्म दिन पर 60 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत आने वाले पति/पत्नियों दोनों को, बीमित राशि के निरपेक्ष, इन नियमों के अनुसार निर्धारित चिकित्सा जांच करवानी होगी। प्रीमियम अगले जन्मदिन की आयु के समतुल्य पर आधारित होगी, जिसका आकलन पति-पत्नी की आयु में अंतर पर निर्भर करते हुए उसे निम्न आयु के साथ जोड़ दिया जाएगा। अगले जन्मदिन की समतुल्य आयु के आकलन की अनुसूची तालिका V में दी गई है। प्रीमियम की अदायगी, पति या पत्नी में से एक की मृत्यु होने पर समाप्त हो जाएगी। बीमित राशि तथा उस पर मिलने वाले बोनस का भुगतान दोनों पति/पत्नी के जीवित होने पर बंदोबस्ती अवधि (परिपक्वता की तिथि) की समाप्ति पर किया जाएगा। अन्यथा, बीमित राशि तथा उस पर मिलने वाले बोनस का भुगतान, परिपक्वता की तिथि से पहले पति/पत्नी में से एक की मृत्यु होने पर, उत्तरजीवी को किया जाएगा। दोनों बीमित व्यक्तियों की मृत्यु होने के मामले में, बीमित राशि तथा उस पर मिलने वाले बोनस का भुगतान उनके नामितियों/विधिक वारिसों को किया जाएगा। इन नियमों के अंतर्गत पालिसी व्यपगत होने पर किसी भी प्रकार का दावा, चाहे वह कैसा भी हो, पर विचार नहीं किया जाएगा।

12. बाल पालिसी (20-01-2006 से लागू) [1]

इस स्कीम का उद्देश्य डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रत्येक पालिसीधारक के अधिकतम दो बच्चों को बीमा कवर प्रदान करना है, बशर्ते माता/पिता को एक पालिसी पर एक बच्चे के लिए ऐसी केवल एक पालिसी दिए जाने की अनुमति है। यह एक स्वतंत्र पालिसी है। यदि बच्चों के पिता/माता ने (पालिसी धारक नाम से जाना जाएगा) पहले से ही एक पालिसी/पालिसियां ली हुई है/हैं या आजीवन अथवा बंदोबस्ती बीमा (मुख्य पालिसी के नाम से जाना जाएगा) पालिसी/पालिसियां लेने का प्रस्ताव है जिसकी बीमित राशि बाल पालिसी की बीमित राशि से कम न हो, तो ऐसे पालिसीधारक को उनके बच्चे/बच्चों के संबंध में एक बाल पालिसी जारी की जाएगी। बच्चे की आयु 5 वर्ष एवं 20 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मुख्य पालिसी धारक की अधिकतम आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए।

13. चिकित्सा स्कीम

(क) प्रत्येक मामले में, जहां 1 लाख रु. से अधिक की बीमित राशि के साथ डाक जीवन बीमा के लिए आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, बंदोबस्ती बीमा, प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा, संयुक्त जीवन बीमा का तथा 25,000/-रु. (पच्चीस हजार रु. केवल) से अधिक बीमित राशि के साथ ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, बंदोबस्ती बीमा, प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा, संयुक्त जीवन बीमा एवं दस वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रस्तुत किया जाता है, तो प्रस्तावक की विनिर्दिष्ट चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच करानी होगी और ऐसे बीमा के लिए उसे उक्त अधिकारी से फिटनेस प्राप्त करनी होगी।

(ख) निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच संबंधित बीमित राशि के आधार पर नियम 24 के अनुसार की जाएगी और नियम 26 के अनुसार चिकित्सा जांच के शुल्क का वहन विभाग द्वारा किया जाएगा। तथापि, ऐसे मामले में जहां प्रस्ताव को स्वीकार करने में हुई देर के लिए प्रस्तावक जिम्मेदार हो, वहां अगर दूसरी चिकित्सा राय लेनी अपेक्षित होती है तो इसके शुल्क का वहन प्रस्तावक द्वारा किया जाएगा अन्यथा शुल्क का वहन विभाग करेगा।

14. **गैर-चिकित्सा स्कीम (डाक जीवन बीमा)** [27]- कोई व्यक्ति, जिसकी आयु अगले जन्मदिन को 35 वर्ष से अधिक न हुई हो और जो डाकघर जीवन बीमा नियमावली, 2011 के अधीन डाक जीवन बीमा पालिसी के लिए पात्र हो, सिवाय विकलांग व्यक्ति, अतिरिक्त विभागीय एजेंट, डाक विभाग और दूरसंचार विभाग के पूर्व-कर्मचारी और कोई भी जिसने गैर-चिकित्सा या चिकित्सा स्कीम के अंतर्गत जीवन बीमा पालिसी के लिए आवेदन किया हो तथा भारत में कार्यरत बीमा कंपनी द्वारा आवेदन अस्वीकार कर दिया गया हो, के मामलों को छोड़कर डाक जीवन बीमा में एक गैर-चिकित्सा पालिसी के लिए आवेदन कर सकता है और अन्य किसी गैर-चिकित्सा पालिसी/पालिसियों के साथ ऐसी बीमित राशि 10,000/-रु. (दस हजार रु.) के गुणकों में होगी तथा 1,00,000/-रु. (एक लाख रु.) से अधिक नहीं होगी जिन्हें प्रस्तावक उक्त गैर-चिकित्सा स्कीम के अंतर्गत रख सकता है, या रखने का प्रस्ताव करता है। इसके अलावा, किसी भी गैर-चिकित्सा या चिकित्सा पालिसी/पालिसियों जिन्हें प्रस्तावक रख सकता है या रखने का प्रस्ताव करता है, के साथ कुल बीमित राशि 10,00,000/- रु. (दस लाख रु.) से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रस्तावक का चिकित्सा इतिवृत्त कोई प्रतिकूल टिप्पणी न दर्शाए और यदि वह प्रस्ताव के समय चिकित्सा रूप से फिट हो तथा प्रस्ताव की तिथि से दो वर्ष पहले उसे कोई गंभीर बीमारी न हुई हो और उसे अस्पताल में भर्ती न कराया गया हो।

15. **गैर-चिकित्सा स्कीम (ग्रामीण डाक जीवन बीमा)**[23] - कोई व्यक्ति, जिसकी आयु अगले जन्मदिन को 35 वर्ष से अधिक न हुई हो और जो ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी के लिए पात्र हो, सिवाय विकलांग व्यक्ति और कोई भी व्यक्ति जिसने गैर-चिकित्सा या चिकित्सा स्कीम के अंतर्गत जीवन बीमा पालिसी के लिए आवेदन किया हो तथा भारत में कार्यरत बीमा कंपनी द्वारा आवेदन अस्वीकार कर दिया गया हो, को छोड़कर ग्रामीण डाक जीवन बीमा में एक गैर-चिकित्सा पालिसी के लिए आवेदन कर सकता है और अन्य किसी गैर-चिकित्सा पालिसी/पालिसियों के साथ ऐसी बीमित राशि 5,000/-रु. (पांच हजार रु.) के गुणकों में होगी तथा 25,000/-रु. (पच्चीस हजार रु.) से अधिक नहीं होगी जिन्हें प्रस्तावक उक्त गैर-चिकित्सा स्कीम के अंतर्गत रख सकता है या रखने का प्रस्ताव करता है। इसके अलावा, किसी भी गैर-चिकित्सा या चिकित्सा पालिसी/पालिसियों जिन्हें प्रस्तावक रख सकता है या रखने का प्रस्ताव करता है, के साथ कुल बीमित राशि 3,00,000/-रु. (तीन लाख रु.) से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रस्तावक का चिकित्सा इतिवृत्त कोई प्रतिकूल टिप्पणी न दर्शाए और यदि वह प्रस्ताव के समय चिकित्सा रूप से फिट हो तथा प्रस्ताव की तिथि से दो वर्ष पहले उसे कोई गंभीर बीमारी न हुई हो और उसे अस्पताल में भर्ती न कराया गया हो।

16. डाक जीवन बीमा अथवा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के अंतर्गत जारी गैर-चिकित्सा पालिसी के परिपक्वता से पूर्व दावा होने की स्थिति में और उक्त पालिसी के अनुसार बीमित कुल राशि के होने के बावजूद, ऐसे दावों के एवज में भुगतान को निम्नलिखित राशि तक सीमित किया जाएगा:-

(i) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति तिथि से एक वर्ष की पूर्णता से पहले हो जाए तो उपार्जित बोनस सहित बीमित राशि का पैंतीस प्रतिशत।

(ii) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति तिथि से दो वर्ष पूरे होने से पहले लेकिन एक साल पूरा होने के बाद हो तो उपार्जित बोनस सहित बीमित राशि का साठ प्रतिशत।

(iii) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति तिथि से तीन वर्ष पूरे होने से पहले लेकिन दो साल पूरा होने के बाद हो तो उपार्जित बोनस सहित बीमित राशि का नब्बे प्रतिशत।

(iv) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति की तिथि से तीन वर्ष पूरे होने के बाद हो तो उपार्जित बोनस सहित पूर्ण बीमित राशि।

17. **शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए डाक जीवन बीमा स्कीम**[28]

(क) शारीरिक रूप से विकलांक व्यक्तियों को "शारीरिक विकलांग व्यक्तियों के लिए विशेष स्कीम" के अंतर्गत बीमित किया जाएगा तथा उनकी विकलांगता की प्रकृति और विकलांगता की सीमा एवं बीमित व्यक्ति के जीवन पर उसकी वजह से पड़ने वाले प्रभाव को निर्धारित करने के लिए सरकारी अस्पताल के विशेष चिकित्सा प्राधिकारियों (ऑर्थो सर्जन एवं अन्य विशेषज्ञों) द्वारा विशेष चिकित्सा जांच करानी होगी। चिकित्सा रिपोर्ट में निम्नलिखित ब्यौरे शामिल किए जाएंगे:

(i) उनकी विकलांगता की प्रतिशतता पर रिपोर्ट (उदाहरणतया विकृति/एक अंगविहीन, दोनों अंगविहीन आदि)

(ii) विकलांगता का कारण अर्थात् जन्मजात या जन्म के बाद हुई विकलांगता।

(iii) प्रस्तावक की दीर्घायु पर उसकी विकलांगता का प्रभाव तथा क्या जीवन जोखिम बढ़ रहा है या घट रहा है।

"बशर्ते अगर चिकित्सा प्राधिकारी यह घोषित कर देता है कि विकलांगता की वजह से उसका जीवन जोखिम बढ़ रहा है, तो ऐसे व्यक्ति का बीमा नहीं किया जाएगा तथा प्रस्ताव नामंजूर कर दिया जाएगा।"

(ख) निम्नलिखित में से किसी भी तरह की विकलांगता वाले व्यक्ति को "शारीरिक विकलांग व्यक्तियों" के लिए विशेष स्कीम में बीमा प्रदान किया जाएगा:

(i) नेत्रहीन

(ii) बधिर

(iii) मूक

(iv) शारीरिक रूप से विकलांग

(v) बौनापन

(vi) कुबड़ापन

(vii) अपंग

(viii) पोलियो की वजह से लकवा अथवा कमजोरी या विकलांगता

(ix) गैर-तंत्र विज्ञान विषयक की वजह से होने वाली अन्य कोई विकृति

(ग) इस स्कीम में ली गई पालिसियों के संबंध में प्रीमियम का निर्धारण स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा।

(घ) परिपक्वता की तिथि से पहले बीमाकर्ता की मृत्यु होने पर यदि पालिसी दावे में परिवर्तित हो जाती है तो नामिती या विधिक उत्तरजीवी, जैसा भी मामला हो, को प्रदान की जाने वाली राशि का निर्धारण निम्नानुसार होगा:-

(i) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति तिथि से एक वर्ष की पूर्णता से पहले हो जाए तो उपार्जित बोनस सहित बीमित राशि के केवल पैंतीस प्रतिशत का भुगतान किया जाएगा।

(ii) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति तिथि से दो वर्ष पूरे होने से पहले लेकिन एक साल पूरा होने के बाद हो तो उपार्जित बोनस सहित बीमित राशि के केवल साठ प्रतिशत का भुगतान किया जाएगा।

(iii) यदि बीमित व्यक्ति मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति तिथि से तीन वर्ष पूरे होने से पहले लेकिन दो साल पूरा होने के बाद हो तो उपार्जित बोनस सहित बीमित राशि के केवल नब्बे प्रतिशत का भुगतान किया जाएगा।

(iv) यदि बीमित व्यक्ति की मृत्यु प्रस्ताव की स्वीकृति की तिथि से तीन वर्ष पूरे होने के बाद हो तो उपार्जित बोनस सहित पूरी बीमित राशि का भुगतान किया जाएगा।

(ङ) शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए सभी पालिसियों को मिलाकर अधिकतम बीमित राशि ग्रामीण डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मामले में क्रमश: 10 लाख रुपये (दस लाख रुपये) और तीन लाख रुपये (तीन लाख रुपये) है।

बीमा प्रभावी होने का तरीका

टिप्पणी :- रक्षा सेवा कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के संबंध में अनुपालन की जाने वाली प्रक्रिया इन नियमों के परिशिष्ट में दी गई है।

18. **डाक जीवन बीमा पालिसियों के लिए :** जब कोई व्यक्ति डाक जीवन बीमा के अंतर्गत आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा सहित बंदोबस्ती बीमा, संयुक्त जीवन बीमा तथा बाल पालिसी खरीदने की इच्छा रखता है तो, उसे प्रस्ताव के विनिर्दिष्ट प्रपत्र, जिसे निकटतम डाकघर से प्राप्त किया जा सकता है, में प्रश्न का उत्तर देना और निबंधन एवं शर्तों को स्वीकार करने तथा प्रपत्र में सही एवं वस्तुपरक सूचना दिए जाने के टोकन के रूप में प्रपत्र पर हस्ताक्षर अथवा, अगर निरक्षर हो तो अपने बाएं अंगूठे का निशान लगाना जरूरी होगा। अपने आसन्न वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में प्रपत्र पर हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान लगाना होगा, जो बदले में इस आशय के प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करेगा कि संबंधित प्रश्नों के तहत दी गई सूचना प्रमाणित की गई है और यह सही पाई गई है तथा प्रस्तावक ने उसकी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए हैं अथवा अंगूठे का निशान लगाया है।

19. प्रस्तावक का आसन्न वरिष्ठ अधिकारी प्रस्ताव के प्रपत्र में उत्तरों को उसकी सेवा-पुस्तिका, सेवावृत्त, नियुक्ति प्रमाण पत्र के सेवावृत्त से मिलान करेगा तथा स्वयं इस बात की पुष्टि करेगा कि प्रस्तावक के सेवा संबंधी ब्यौरे उचित रूप से दर्ज किए गए हैं और उनका सत्यापन किया गया है। वह निम्नलिखित की एक सत्यापित प्रति तैयार करेगा (1) सेवा-पुस्तिका का पहला पृष्ठ अथवा (2) सेवा-वृत्त के विवरणात्मक शीर्षक, अथवा (3) नियुक्ति प्रमाणपत्र की एक सत्यापित प्रति तैयार करेगा और यदि प्रस्तावक हस्ताक्षर करने में असमर्थ हो तो उसके बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लिया जाएगा। जो प्रस्तावक अपने हस्ताक्षर कर सके उसके हस्ताक्षर ही लिए जाएं। इसके बाद, आसन्न वरिष्ठ अधिकारी उपर्युक्त सत्यापित दस्तावेजों के साथ प्रस्ताव प्रपत्र को प्रस्ताव पर कार्रवाई करने वाले डाक जीवन बीमा के मार्केटिंग स्टाफ के सुपुर्द करेगा।

टिप्पणी:। यदि किसी अस्थायी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका, सेवावृत्त या नियुक्ति प्रमाण पत्र न हो तो प्रस्ताव के साथ नियुक्ति की निबंधन एवं शर्तों पर, विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाणपत्र भरकर साथ में भेजा जाए। प्रस्तावक के आसन्न वरिष्ठ अधिकारी स्वंय को प्रस्तावक के कार्यालय के रिकार्ड से मिलान करके संतुष्ट करेगा कि प्रस्तावक के ब्यौरे उचित रूप से दर्ज और सत्यापित है। वह ऊपर उल्लिखित प्रमाण पत्र पर अपनी उपस्थिति में प्रस्तावक के हस्ताक्षर या बायें हाथ के अंगूठे का निशान जैसी भी स्थिति हो, हासिल करेगा। प्रस्तावक के स्कूल प्रमाण पत्र, नगर निगम के जन्म तिथि प्रमाणपत्र अथवा यदि प्रस्तावक ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत न करे तो दो सम्मानित व्यक्तियों (जो अपनी व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर प्रस्तावक की आयु के बारे में बता सकें) द्वारा जारी किए गए उसकी आयु के बारे में प्रमाण पत्र को प्रस्ताव के साथ लगाया जाना चाहिए।

20. **ग्रामीण डाक जीवन पालिसियों के लिए :** यदि कोई व्यक्ति आजीवन बीमा, परिवर्तनीय आजीवन बीमा, प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा सहित बंदोबस्ती बीमा, 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के अंतर्गत बाल पालिसी खरीदने की इच्छा रखे तो उसे प्रस्ताव के निर्दिष्ट प्रपत्र में प्रश्न का उत्तर देना जरूरी होगा जिसे निकटतम डाकघर से हासिल किया जा सकता है और उस पर अपने हस्ताक्षर अथवा यदि निरक्षर हो तो बांए हाथ के अंगूठे का निशान प्रपत्र पर लगाना होगा जो इस बात हेतु संकेतस्वरूप होगा कि उन्होंने सभी शर्तों एवं निबंधनों को मान लिया है और प्रस्ताव प्रपत्र पर सही एवं तथ्यात्मक सूचना उपलब्ध करा दी है। प्रस्ताव प्रपत्र पर हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान विपणन कर्मचारी के समक्ष लिया जाएगा जो बदले में इस आशय के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करेगा कि उसने प्रपत्र पढ़ा है और प्रस्तावक को प्रपत्र समझा दिया है और प्रस्तावक ने उसकी उपस्थिति में हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान लगाया है।

21. डाक जीवन बीमा अथवा ग्रामीण डाक जीवन बीमा की किसी भी योजना में ली गई पालिसी पर दिया जाने वाला प्रीमियम प्रस्ताव की तिथि के बाद के अगले जन्मदिन पर प्रस्तावक की आयु के हिसाब से आकलित किया जाएगा। प्रस्तावित बीमादार को सलाह दी जाती है कि वे अगले जन्मदिन से पर्याप्त समय से पहले ही अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर दें ताकि अगले जन्मदिन से पहले प्रस्ताव स्वीकार किए जा सकें तथा अगले जन्मदिन से पहले प्रीमियम अदा किया जा सके अन्यथा प्रस्तावक को उस जन्मदिन के बाद प्राप्त होने वाली अगली आयु के हिसाब से अधिक दर पर प्रीमियम देना होगा।

22. पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के विपणन स्टाफ को प्रस्तावक से इस स्पष्ट समझ पर पहला प्रीमियम अग्रिम रूप से जमा करने के लिए संग्रहित कर सकता है कि इस नियम के अधीन पोस्ट मास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकार किए जाने की तारीख से ही उनके जीवन का जोखिम कवर होगा, बशर्ते कि अग्रिम जमा की राशि पहले प्रीमियम की उस राशि से कम न हो जो प्रस्ताव की उपयुक्त संवीक्षा के बाद निकाली गई हो। प्रस्तावक द्वारा पहले प्रीमियम की मासिक किश्त कितने ही महीनों की हो सकती है, परंतु उनको मिलने वाली छूट डाक जीवन बीमा के मामले में छह (6) तथा बारह (12) माह या

उससे अधिक अग्रिम जमा करने और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मामले में तीन (3) माह, छह (6) माह तथा बारह (12) माह या उससे अधिक अग्रिम जमार करने पर ही देय होगी । यदि स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किया जाता है तो प्रस्तावक को प्रीमियम की राशि में से चिकित्सा जांच शुल्क की कटौती करके शेष राशि वापस कर दी जाएगी ।

23. विपणन स्टाफ प्रस्तावक तथा प्रस्ताव व उसके साथ ऊपर उल्लिखित नियमों में संदर्भित प्रमाणित दस्तावेजों की प्रति के साथ संबंधित चिकित्सा अधिकारी के पास ले जाएगा और चिकित्सा अधिकारी से प्रस्तावक की जांच करने का अनुरोध करेगा और उनसे प्रस्तावक प्रपत्र पर इस उद्देश्य के लिए निश्चित स्थान पर प्रस्तावक के स्वास्थ्य से संबंधित अपने विचार दर्ज करने के लिए कहेगा । ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मामले में चिकित्सा अधिकारी अपनी रिपोर्ट, इस उद्देश्य के लिए बनाए अलग प्रपत्र चिकित्सा जांच रिपोर्ट में देंगे । चिकित्सा अधिकारी इस प्रयोजन के लिए प्रपत्र में निश्चित स्थान पर अपनी मौजूदगी में प्रस्तावक के हस्ताक्षर/बांए हाथ के अंगूठे का निशान भी लेगा । अपनी सिफारिशों को रिकार्ड करने के पश्चात चिकित्सा अधिकारी प्रस्तावक प्रपत्र पर इस उद्देश्य के लिए निश्चित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करेगा और उसे उस विपणन स्टाफ को वापस सौंपेगा जिसने उसके पास प्रस्ताव प्रपत्र जमा किया था ।

24. चिकित्सा जांच करने के लिए चिकित्सा अधिकारी की हैसियत निम्नानुसार है : -

क्र.सं.	बीमित राशि की सीमा	चिकित्सा अधिकारी की हैसियत[29] से[34]
1.	5 लाख रू. अथवा उस तक के बीमा के लिए	(i) प्रस्तावकों के कार्यस्थल के निकटतम स्थान के केन्द्रीय और राज्य सरकार, नगर पालिका जिला बोर्ड, स्थानीय बोर्ड, छावनी बोर्ड के चिकित्सा अधिकारी जिनकी हैसियत सिविल सर्जन से कम हो और यूनियन बोर्ड अस्पताल या डिस्पेंसरियों के चिकित्सा अधिकारी और राज्य एवं केन्द्र दोनों के लोक उपक्रम की यूनिटों के चिकित्सा अधिकारी । (ii) सेवा निवृत्त चिकित्सा अधिकारी (ग्रेड ।।)
2.	5 लाख रू. से अधिक के बीमा के लिए	(i) प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों में कार्यरत ऐसे चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) जिन्हें सरकारी सेवा में न्यूनतम 5 (पांच) वर्ष का अनुभव हो । (ii) प्रस्तावक के कार्यस्थल से निकटतम स्थान के केन्द्रीय और राज्य सरकार में, नगरपालिका जिला बोर्ड, स्थानीय बोर्ड, छावनी बोर्ड या यूनियन बोर्ड के हस्पताल या डिस्पेंसरियों में नियुक्त चिकित्सा अधिकारी और राज्य एवं केन्द्र दोनों के लोक उपक्रम की यूनिटों के चिकित्सा अधिकारी जिन्हें कम से कम 10(दस) वर्ष का अनुभव हो । (iii) प्रस्तावक के कार्यस्थल से निकटतम स्थान के ऐसे सरकारी सिविल सर्जन या चिकित्सा अधिकारी जिनकी हैसियत सिविल सर्जन या मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कम न हो । सी एम ओ ग्रेड-।/विशेषज्ञ श्रेणी-।। को भी सिविल सर्जन के रैंक के समतुल्य माना जाएगा । (iv) सेवा निवृत्त सिविल सर्जन, सी एम ओ ग्रेड-। और विशेषज्ञ श्रेणी ।।

टिप्पणी – 1 : प्रस्तावक की चिकित्सा जांच इन नियमों में निर्धारित चिकित्सा अधिकारी की हैसियत वाले चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए । यदि निर्धारित पद या अर्हताओ की कोई महिला चिकित्सा अधिकारी उस स्टेशन या जिले में नहीं मिल पाती है तो उस महिला प्रस्तावक से लिखित में अनुमति लेने के बाद उसकी स्वास्थ परीक्षा तदनुरूपी पद और निर्धारित अर्हताओं वाले पुरुष चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जा सकती है ।

टिप्पणी – 2 : इन सभी मामलों में इन नियमों में परिभाषित चिकित्सा अधिकारी को राज्य आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीकृत होना चाहिए ।

टिप्पणी – 3 : संबंधित पोस्टमास्टर जनरल इन नियमों में यथानिर्दिष्ट सीमाओं तक डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रस्तावकों की जांच करने के लिए सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी ग्रेड -II, सेवानिवृत्त सिविल सर्जन, सी एम ओ ग्रेड-I, विशेषज्ञ ग्रेड-II और चिकित्सा में स्नातकोत्तर डाक्टर को नियुक्त करेंगे, जिन्होंने सरकारी सेवा से स्वैच्छिक पदत्याग दिया हो और परामर्शी कार्य-चिकित्सक के रूप में कार्य कर रहा हो।

25. पोस्टमास्टर जनरल, डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा प्रस्तावकों की चिकित्सा जांच करने के लिए पंजीकृत एलोपैथिक रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिश्नर भी नियुक्त कर सकते हैं(बशर्ते बीमा राशि 5 लाख रू हो), जो निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होंगे : -

(i) आरएमपी (एलोपैथिक) केवल तभी प्राधिकृत किए जाएंगे जब क्षेत्र विशेष में सरकारी डाक्टर उपलब्ध नहीं हों या अगर उपलब्ध हों भी, तो वे मेडिकल जाँच करने से मना कर दें ;

(ii) इस प्रकार प्राधिकृत आरएमपी के पास कम से कम एमबीबीएस डिग्री होनी चाहिए और उन्हें राज्य के मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत होना चाहिए ;

(iii) आरएमपी के पास एमबीबीएस डिग्री लेने के बाद कम से कम पांच वर्षों का अनुभव होना चाहिए ;

(iv) आरएमपी को उत्तम प्रोफेशनल आचरण एवं चरित्र वाला प्रतिष्ठित व्यक्ति होना चाहिए ;

(v) पीएलआई/आरपीएलआई के अंतर्गत प्रस्तावकों की जाँच करने के लिए सरकारी चिकित्सा अधिकारियों के लिए विहित शुल्क आरएमपी को भी देय होगा ;

(vi) प्राधिकृत किए जाने पर ऐसे आरएमपी, पीएलआई/आरपीएलआई शब्दावली में प्राधिकृत आरएमपी कहे जाएंगे ;

(vii) रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनरों द्वारा अनुशंसित खराब जीवनों तथा स्वीकृति की तिथि से तीन वर्षों के भीतर परिणामी समयपूर्ण मृत्यु दावों के मामलों की जाँच करने के लिए आरएमपी का एक उपयुक्त रिकार्ड (पूरा नाम, स्थायी पता, क्लीनिक का नाम, प्राधिकार की तिथि, बीमित राशि के साथ वह पालिसी नं. जिसके संदर्भ में समयपूर्ण मृत्यु दावा प्राप्त हुआ था और मृत्यु का कारण आदि) पोस्टमास्टर जनरल द्वारा दो वर्षों के बाद प्राधिकार की समीक्षा करने के लिए रखा जाए। किसी भी प्रकार की प्रतिकूल रिपोर्ट पर उसके निर्णय को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

26. संबंधित चिकित्सा अधिकारी को प्रत्येक चिकित्सा जांच के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर निश्चित निर्धारित दरों[33,35] पर शुल्क दिया जाएगा।

27. विभाग द्वारा प्राधिकृत पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी, निर्धारित पैरामीटरों जैसे कि पात्रता, बीमित राशि की सीमा, चिकित्सा जांच रिपोर्ट, प्रस्ताव प्रपत्र के सभी कालम भरे हैं या नहीं, जन्म तिथि से संबंधित दस्तावेज, सेवा दस्तावेजों (डाक जीवन बीमा के मामले में), आसन्न उच्च या विपणन स्टाफ का विवरण, प्रस्तावक द्वारा दी गई घोषणाएं और यह देखना कि चिकित्सा अधिकारी के समक्ष किए गए हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान आसन्न उच्च अधिकारी/विपणन स्टाफ के सामने लिए गए हस्ताक्षर/अंगूठे के निशान से मेल खाते हैं या नहीं (ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मामले में) आदि पर संतुष्ट होने के बाद ही प्रस्ताव को मंजूर या नामंजूर करने का निर्णय लेंगे। यदि वे प्रस्ताव को मंजूर करने का निर्णय लेते हैं तो वे प्रस्तावक को प्रस्ताव स्वीकृति की सूचना देंगे और नकदी पालिसी के मामले में, उन्हें निर्दिष्ट डाकघरों में देय तिथि तक आगे और प्रीमियम जमा करने के निर्देश देंगे। उपर्युक्त संसूचना (स्वीकृति पत्र) की एक प्रति आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ/वेतन एवं लेखा अधिकारी (पीओ) को वेतन पालिसी के मामले में प्रस्तावक के वेतन से मासिक प्रीमियम की कटौती करने के निदेश देंगे। पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन अध्यक्ष/स्वीकृतिकर्ता करने वाले प्राधिकारी बीमित राशि तक के प्रस्ताव स्वीकृत करेंगे जिसपर समय-समय पर विभाग निर्णय लेगा।

28. जब प्रस्तावक की चिकित्सा जांच किए जाने के उपरांत कोई प्रस्ताव साठ दिन के अंदर स्वीकृत नहीं होता है तो एक दूसरा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाएगा, और यदि इस विलंब के लिए प्रस्तावक जिम्मेवार है, तो चिकित्सा जांच शुल्क प्रस्तावक द्वारा अदा किया जाएगा अन्यथा वह बीमा निधि में से अदा किया जाएगा।

29. प्रस्तावक की मेडिकल जांच के बाद प्रस्तावक की किसी गंभीर बीमारी अथवा प्रस्तावक के परिवार में से किसी सदस्य की गंभीर बीमारी की वजह से मृत्यु होने की जानकारी प्रस्ताव स्वीकृत होने से पहले पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी के समक्ष आती है तो एक नई मेडिकल जांच के आदेश दिए जाएं जिसे निधि की लागत से वसूला जाए।

टिप्पणी : प्रस्तावक का यह दायित्व है कि वह ऐसे तथ्यों की सूचना स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी को देगा।

30. प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी स्वीकृति पत्र, पालिसी दस्तावेज तथा प्रीमियम रसीद बुक (केवल नकदी पालिसियों के लिए) साथ-साथ जारी करेंगे। पालिसी दस्तावेज पर भारत के राष्ट्रपति की ओर से पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी हस्ताक्षर करेंगे। इन सभी दस्तावेजों को प्रस्तावक के पास पावती देय रजिस्टर्ड डाक से संप्रेषित किया जाएगा।

ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 25,000/- रू. तक की बीमित राशि के पालिसी दस्तावेजों के लिए, पालिसी दस्तावेज पर प्रतिकृति हस्ताक्षर किए जाएंगे।

31. ऐसे बीमाकृत व्यक्ति को जो नियमित आधार पर नकद रूप में प्रीमियम अदा करने का तरीका अपनाता है, उसे विभाग द्वारा प्रीमियम रसीद पुस्तिका दी जाएगी जिसमें प्रत्येक प्रीमियम की अदायगी के संबंध में प्रविष्टियाँ की जाएंगी। मासिक प्रीमियम प्राप्त करने वाला पोस्टमास्टर इस पुस्तिका में उस राशि के लिए रसीद देगा। पुस्तिका के भरे जाने और प्रविष्टियों के लिए कोई स्थान नहीं उपलब्ध होने पर पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/प्रधान डाकघर, जिसमें जीपीओ शामिल हैं, के पोस्टमास्टर को इसे अग्रेषित किया जाना चाहिए, जो उसकी प्रविष्टियाँ सत्यापित करने के पश्चात् नई पुस्तिका जारी करने की व्यवस्था करेगा जिसमें उसके हस्ताक्षर के साथ यह नोट किया जाएगा कि किस महीने तक प्रीमियम अदा किया जा चुका है।

32. प्रीमियम रसीद पुस्तिका खो जाने की दशा में बीमाकृत व्यक्ति को अपने निकटतम डाकघर (प्रधान, उप या शाखा) के माध्यम से पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को दूसरी पुस्तिका के लिए आवेदन देना चाहिए जिसमें इस बात का उल्लेख किया जाए कि मूल पुस्तिका किन परिस्थितयों में खो गई है जिसके साथ फार्म एसीजी 67 के रूप में निर्धारित शुल्क या कम्प्यूटरीकृत रसीद भी देनी होगी। पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख तब दूसरी पुस्तिका जारी करेगा तथा उस डाकघर में भेज देगा जिसका नाम आवेदन पत्र में दिया गया होगा जहाँ यह पुस्तिका बीमाकृत व्यक्ति को दी जाएगी तथापि, यदि पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख इस बात से संतुष्ट हों कि मूल पुस्तिका के खो जाने में बीमाकृत व्यक्ति का कोई दोष नहीं है तो वह शुल्क की वसूली किए बिना दूसरी पुस्तिका जारी कर सकता है।

33. किसी भी व्यक्ति ने जिसने कोई जीवन बीमा/बीमा पालिसी खरीदी हो, वह नियम 7 (ग्रामीण डाक जीवन बीमा के मामले में नियम 9) में उल्लिखित सीमा के अध्यधीन आगे और अतिरिक्त बीमा राशि के लिए बीमा ले सकता है। इसके लिए बीमित व्यक्ति को निर्धारित चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच भी करवानी होगी जो बीमित व्यक्ति की सभी पालिसियों और आवेदित नए प्रस्ताव की औसत बीमा राशि पर निर्भर होगी।

अपवाद: यदि कोई प्रस्तावक बीमा के प्रस्ताव के संबंध में की गई स्वास्थ्य परीक्षा की तारीख से 60 दिन के अंदर अपने मूल प्रस्ताव की राशि बढ़ाना चाहे अथवा उसी आयु को या उससे पहले परिपक्व होने वाली नई पालिसी खरीदना चाहे तो उसके लिए उसे निर्धारित फार्म में नया प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं करना होगा अथवा यदि उसकी मूल स्वास्थ्य परीक्षा नियम – 24 के अंतर्गत सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई हो तो संशोधित राशि के लिए प्रस्तावक को दोबारा स्वास्थ्य परीक्षा करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। तथापि, यदि अतिरिक्त लाभ प्राप्त करने के संबंध में किये जाने वाले प्रस्ताव की स्वीकृति स्वास्थ्य परीक्षा की तारीख से दो महीने के अन्दर नहीं दी जाती तो दूसरा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्राप्त किया जाना चाहिए तथा इस संबंध में हुई देरी के लिए प्रस्तावक जिम्मेदार हो तो उसका शुल्क प्रस्तावक को अदा करना होगा और अन्यथा इस शुल्क की अदायगी डाकघर जीवन बीमा निधि/ग्रामीण डाकघर जीवन बीमा निधि में से की जानी चाहिए। इस प्रकार, पालिसी का मूल्य बढ़ने अथवा नई पालिसी खरीदने पर देय अतिरिक्त प्रीमियम की सूचना बीमित व्यक्ति को दे दी जाएगी और पालिसी मूल्य में वृद्धि अथवा नई पालिसी की खरीद के अनुरोध को डाकघर में राशि जमा करने के पश्चात ही स्वीकार किया जाएगा तथा रसीद पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी को भेज दी जाएगी।.

34. कोई भी जीवन बीमा संविदा पालिसी पर अंकित तिथि (स्वीकृति की तिथि से) अथवा लिखित दस्तावेजों पर जिसमें प्रस्ताव को दर्ज किया गया है, की तिथि से आरंभ होगी और बीमित व्यक्ति को उसकी अभिरक्षा में रखने हेतु पालिसी दे दी जाएगी।

35. डाक जीवन बीमा पालिसी के लिए प्रस्ताव देते समय रक्षा सेवाओं, असम राइफल्स और अर्द्धसैनिक बल कार्मिक जो चिकित्सा श्रेणी 'एवाईई' (जेसीओ/एनसीओ/ओआर अथवा समकक्ष) या एसएचएपीई -2 (अधिकारियों के लिए) में आते हैं, को इस प्रयोजन के लिए पालिसी की चिकित्सा जांच से छूट मिलेगी[36,37] । इन कार्मिकों द्वारा पालिसी लेने के लिए अलग प्रस्ताव फार्म का उपयोग किया जाएगा । विहित बोनस सहित बीमित राशि के लिए पूर्ण दावे का दावेदार तभी हकदार होगा जबकि पालिसी अपनी स्वीकृति के बाद दावा बने तथापि, आत्महत्या संबंधी मामले मौजूदा डाकघर जीवन बीमा नियम 2011 के द्वारा विनियंत्रित होंगे ।

36. <u>समनुदेशन और नाम निर्देशन</u>

1. बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर यदि नामिती अवयस्क हो तो पालिसी की सुरक्षित राशि को प्राप्त करने के लिये किसी व्यक्ति के समनुदेशन, नामनिर्देशन या नियुक्ति के रजिस्ट्रीकरण के समय डाकघर बीमा निधि/ ग्रामीण डाकघर जीवन बीमा निधि उसकी विधिमान्यता की कोई जिम्मेदारी नहीं लेती ।

2. यद्यपि निधि में समनुदेशन या नाम निर्देशन के लिये या उसके नोटिस के लिये कोई विशेष फार्म निर्धारित नहीं किये गये हैं तथा इस प्रयोजन के लिए आवेदन करने हेतु सादे कागज का भी उपयोग किया जा सकता है ।

3. पालिसी धारक द्वारा पालिसियां या तो

(i) मूल्यवान प्रतिफल के लिया, या

(ii) उपहार के रूप में समनुदेशित की जा सकती हैं ।

4. समनुदेशन पालिसी के दूसरी तरफ पृष्ठांकन करके अथवा पृथक दस्तावेजों पर अलग से किया जा सकता है । समनुदेशन पर तारीख लिखी होनी चाहिए और गवाह की मौजूदगी में समनुदेशक द्वारा उस पर हस्ताक्षर किये जाने चाहिए । निधि में से दिये गये किसी ऋण को चुकाने के लिए प्रतिभूति के रूप में भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में किये गये समनुदेशन के मामले को छोड़कर कोई भी समनुदेशन जो कि अन्यथा पूरा है, निधि पर तब तक अप्रवर्तनीय रहेगा जब तक कि पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को लिखित समनुदेशन का नोटिस नहीं दिया गया हो ।

समनुदेशन के नोटिस के साथ विधिवत पृष्ठांकित पालिसी या जहाँ समनुदेशन एक अलग विलेख द्वारा किया गया हो वहाँ वह विलेख या समनुदेशन या उसकी ऐसी प्रति जो समनुदेशक या समनुदेशिती दोनों के द्वारा एक सत्यापन प्रमाण पत्र या उनके प्राधिकृत एजेंट के माध्यम से भेजा जाना चाहिए । पालिसी के दावों की प्राथमिकता उस तारीख के अनुसार होगी जब पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा उनके कार्यालयों में समनुदेशनों के नोटिस प्राप्त किये गये ।

5. पालिसी का समनुदेशन एक बार किये जाने के बाद, पालिसी पर समनुदेशक द्वारा आगे कार्यवाही नहीं की जा सकती और इस पर कार्रवाई करने के लिये एकमात्र सक्षम व्यक्ति समनुदेशिती होगा । पालिसीधारक को पालिसी पर फिर से कार्रवाई करने के लिये सक्षम बनाने के लिये पालिसीधारक को चाहिए कि वह समनुदेशिती द्वारा अपने पक्ष में लिखित में पुन: समनुदेशन निष्पादित करवाएँ जो कि एक या अधिक गवाहों द्वारा साक्ष्यांकित किया गया हो और पोस्टमास्टर जनरल/डिवीज़न प्रमुख के अभिलेख में दर्ज किया गया हो ।

6. <u>नामांकन</u>

(क) पालिसीधरक को यह सलाह दी जाती है कि वह एक ऐसे व्यक्ति को नामित करे जिसको कि, उसकी मृत्यु होने पर बीमित राशि देय हो जिससे कि पालिसी के अंतर्गत देय राशि के कानूनी हक को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाई और खर्च से उसके कानूनी उत्तराधिकारी बच सकें[39] ।

(i) बशर्ते, किसी भी विधिक उत्तराधिकारी या पालिसीधारक के नामिती/न्यासियों पर पालिसीधारक की हत्या का इल्जाम लगा हो तो पालिसी राशि उसे तब तक नहीं मिलेगी जब तक कि वह न्यायालय से आदरपूर्वक बरी न किया जाए[38] ।

(ख) जीवन बीमा पालिसी का धारक, पालिसी लेते समय भुगतान के लिये पालिसी की अवधि समाप्त होने से पहले किसी भी समय उस व्यक्ति या व्यक्तियों या धार्मिक न्यास का नामांकन करेगा जिनको कि पालिसी द्वारा सुरक्षित राशि, उसकी मृत्यु होने पर दी जानी है[39] ।

(ग) जहाँ प्रस्तावक प्रस्ताव पत्र में ही आशयित नामित व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम देता हैं, वहाँ निधि में ऐसे नामित व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम का पालिसी में उल्लेख किया जाएगा । यदि कोई नामांकन पालिसी में समाविष्ट नहीं किया गया तो वह केवल पालिसी पर पृष्ठांकन द्वारा किया जा सकता है । प्रभावी होने के लिए ऐसा पृष्ठांकन पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख के रिकॉर्ड में दर्ज किये जाने के लिए उन्हें प्रेषित किया जाना चाहिए । भुगतान के लिए पालिसी की अवधि समाप्त होने से पहले किसी भी समय, यथास्थिति कोई नामांकन बीमित व्यक्ति द्वारा यथास्थिति किसी पृष्ठांकन या पुन: पृष्ठांकन या वसीयत द्वारा रद्द किया जा सकता है, या उसमें परिवर्तन किया जा सकता है लेकिन पालिसी के

ब्यौरे में उल्लिखित किसी नामिती अथवा पालिसी पर पृष्ठांकन द्वारा नामित व्यक्ति तथा निधि के रिकार्ड में दर्ज नामिती के नाम निधि को तब तक पालिसी के अंतर्गत किए जाने वाले किसी भी प्रमाणिक भुगतान के लिए उत्तरदायी नहीं माना जाएगा, जब तक कि इस प्रकार के किसी निरस्तीकरण अथवा परिवर्तन की लिखित में सूचना पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा ऐसे भुगतान से पूर्व प्राप्त नहीं कर ली जाती।

(घ) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 38 के उपबन्धों के अनुसार किया गया पालिसी का अन्तरण या समनुदेशन स्वत: ही नामांकन को रद्द (धारा 39(4)) कर देगा बशर्ते कि पालिसी के अभ्यर्पण मूल्य के भीतर पालिसी की प्रतिभूति पर बीमित व्यक्ति द्वारा दिये गये ऋण को ध्यान में रखते हुए बीमित व्यक्ति जो कि समनुदेशन के समय पालिसी के जोखिम को लेता है, को किये गये पालिसी के समनुदेशन से या बीमाकर्ता द्वारा किये गये पुन: समनुदेशन अथवा ऋण के चुकाए जाने से नामांकन रद्द नहीं होगा लेकिन यह नामित व्यक्ति के अधिकारों को पालिसी में बीमाकर्ता के हितों की सीमा तक प्रभावित करेगा।

(ङ) जब बीमित व्यक्ति के जीवन काल के दौरान ही भुगतान के लिए पालिसी की अवधि समाप्त हो जाए या जहाँ पर एक या एक से अधिक नामित व्यक्ति हों और भुगतान के लिए पालिसी की अवधि समाप्त होने से पहले ही सभी नामित व्यक्तियों की मृत्यु हो जाए तो पालिसी द्वारा सुरक्षित राशि यथास्थिति पालिसीधारक या उसके उत्तराधिकारियों या उत्तराधिकार प्रमाणपत्र धारक के कानूनी प्रतिनिधियों को देय होगी।

(च) जब कोई नामित व्यक्ति या, यदि एक से अधिक नामित व्यक्ति हैं, तो वे नामित व्यक्ति, उस व्यक्ति जिसके कि जीवन का बीमा किया गया है, की मृत्यु के बाद जीवित रहता है या रहते हैं तो पालिसी द्वारा सुरक्षित राशि ऐसे उत्तरजीवी/उत्तरजीवियों को देय होगी।

(छ) अवयस्क नामिती – जीवन बीमा पालिसी का धारक, ऐसे मामले में जहाँ नामित व्यक्ति अवयस्क है, उसके अवयस्क होने हुए भी अपनी मृत्यु होने पर, पालिसी द्वारा सुरक्षित राशि को प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को नियुक्त कर सकता है और पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख के पास ऐसी नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज भेजकर ऐसी नियुक्ति की सूचना देगा। नियुक्त किये जाने वाले व्यक्ति की सहमति नियुक्ति करते समय ही ले ली जानी चाहिए।

(ज) उपर्युक्त नामांकन उस स्थिति में अनुमेय नहीं है जब कोई पालिसी किसी विवाहित व्यक्ति द्वारा उसके अपने जीवन के लिए की गई हो और यह अभिव्यक्त किया गया हो कि वह उसकी पत्नी या उसकी पत्नी और बच्चों या उनमें से किसी एक के लाभ के लिए है, ऐसे मामले में, इस प्रकार अभिव्यक्त किये गये हित के अनुसार पालिसी बीमित व्यक्ति की पत्नी के लाभ या उसकी पत्नी और बच्चों या उनमें से किसी एक के लाभ को सुनिश्चित करती है और उसे उनके लाभ के लिए न्यास समझा जाए (देखें विवाहित महिला संपत्ति अधिनियम 1874 की धारा 6)

परन्तु उक्त धारा 6 ऐसी पालिसी पर लागू नहीं समझी जाएगी या लागू नहीं की जाएगी जहाँ बीमित व्यक्ति की पत्नी या बीमित व्यक्ति की पत्नी और बच्चों या उनमें से किसी एक के पक्ष में किसी भी समय किये गये किसी नामांकन पर चाहे वह पालिसी के मुखभाग पर हो या नहीं बीमा अधिनियम 1938 की धारा 39 के अधीन होना स्पष्ट हो।

टिप्पणी 1 : सामान्य भविष्य निधि नियमावली के नियम 21 (viii) (क) के अनुसार किया गया पालिसियों का समनुदेशन, जो कि सार है, मूल्यवान प्रतिफल के लिए एक समनुदेशन है, और उसे भी इस नियम के अंतर्गत पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख के कार्यालय में रजिस्टर किया जाना चाहिए।

टिप्पणी 2 :- किसी पालिसी का समग्र रूप से समनुदेशन या तो किसी एक व्यक्ति या संयुक्त रूप से दो या दो से अधिक व्यक्तियों के पक्ष में किया जा सकता है।

टिप्पणी 3 :- पूर्ण समनुदेशन के मामले में, बीमित व्यक्ति के सभी अधिकार समनुदेशन द्वारा समनुदेशिती में निहित होते हैं और इस प्रकार समनुदेशिती, बीमित व्यक्ति की सहमति लिये बिना नियम 55 के अंतर्गत पालिसी के अभ्यर्पण मूल्य के दावे का हकदार होगा।

टिप्पणी 4 :- संपदा शुल्क अधिनियम, 1953(1953 का 34) के अंतर्गत देय संपदा शुल्क नियमावली 1953 के नियम 31 में निर्धारित फार्म में, भारत के राष्ट्रपति को एक पालिसी समनुदेशित की जाएगी। जब ऐसी पालिसी परिपक्व होती है अथवा अभ्यर्पित की जाती है तो पालिसी के मूल्य अथवा अभ्यर्पित मूल्य, जैसा भी मामला हो, के बराबर राशि समनुदेशन फार्म में निर्धारित तरीके से भुगतान की जाएगी। यदि बीमित व्यक्ति की संपदा पर देय संपदा शुल्क, संपदा शुल्क नियमावली 1953 के नियम 31 के अंतर्गत, भारत के राष्ट्रपति को समनुदेशित बीमा पालिसी के अंतर्गत प्राप्त पालिसी की राशि से कम है, तो पोस्टमास्टर जनरल, डिवीजन प्रमुख सरकार को उतनी राशि देने की व्यवस्था करेगा जितनी कि बीमित व्यक्ति की संपदा पर संपदा शुल्क देयता को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा मांगी गई और शेष राशि मृतक के विधिक उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रशासकों, या अन्य विधिक प्रतिनिधियों या समनुदेशितियों या ऐसे अन्य व्यक्तियों, जिनको कि पालिसी के अंतर्गत वह राशि देय है, अदा करेगा।

जब कोई बीमा पालिसी शुल्क की अदायगी के लिए भारत के राष्ट्रपति को समनुदेशित की जाती है तो, बीमित व्यक्ति पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा किए गए समनुदेशन के रजिस्ट्रेशन की तारीख से तीन महीने के अन्दर आयकर आयुक्त(जो कि संपदा शुल्क का नियंत्रक भी होता है), जिसकी अधिकारिता में बीमित व्यक्ति आता है, के पास पालिसी जमा करेगा। संपदा शुल्क की अदायगी के लिए भारत के राष्ट्रपति को समनुदेशित की गई पालिसी के मामले में, बीमित व्यक्ति पालिसी के संबंध में संपदा शुल्क नियंत्रक को पहले के समनुदेशन या पुन: समनुदेशन के सभी विलेख यदि है, सौंप देगा।

टिप्पणी 5 :- जीवन बीमा पालिसी के नामिती का अधिकार केवल इतना है कि बीमित व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात् पालिसी पर मिलने वाली राशि प्राप्त करके बीमाकर्ता को दे दे। नामिती पालिसी पर मिलने वाले धन का स्वामी नहीं होता तथा उसे बीमित व्यक्ति के कानूनी उत्तराधिकारी को सौंपना होता है। अत:, नामिती इन नियमों के प्रावधानों के अध्यधीन केवल एक प्राप्तकर्ता होता है।

37. कोई भी व्यक्ति जो कि डाकघर बीमा के लाभों में एक बार सम्मिलित कर लिया गया हो किसी भी कारण से, नियम 39 में निर्दिष्ट कारणों को छोड़कर, नौकरी छोड़ने पर इन नियमों के अंतर्गत अपने द्वारा खरीदे गए किसी भी जीवन बीमा या बीमा पालिसी के हक या लाभ से वंचित नहीं होगा बशर्ते कि इन नियमों के अंतर्गत देय सारी राशियों का भुगतान नियमित रूप से किया गया हो।

38. जिन व्यक्तियों को डाकघर बीमा निधि/ग्रामीण डाकघर बीमा निधि के लाभों में शामिल किया गया है उनको देय राशि की उचित समय पर अदायगी के लिए सीधे सरकार जिम्मेदार है।

39. डाकघर बीमा निधि/ग्रामीण डाकघर बीमा निधि के लाभ में शामिल व्यक्ति द्वारा गलत सूचना दिए जाने अथवा तथ्यपरक सूचना छिपाने पर पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख के विवेक पर उस व्यक्ति के साथ की गई संविदा का शून्यकरण कर दिया जाएगा और उसके द्वारा दिये गये सभी भुगतानों को जब्त कर लिया जाएगा[40]।

40. सरकारी कर्मचारियों द्वारा डाकघर बीमा निधि/ग्रामीण डाकघर बीमा निधि से संबंधित कार्य के लेन-देन के दौरान प्राप्त की गई व्यक्तिगत स्वरूप की जानकारी बाहर किसी को देने की मनाही है। इस नियम का उल्लंघन किए जाने पर उसके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

41. इन नियमों के अनुसार अनुदत्त डाकघर बीमा/ग्रामीण डाकघर बीमा और बन्दोबस्ती बीमा की पालिसियों को स्टाम्प शुल्क से छूट दी गई है(भारत सरकार, वित्त और वाणिज्य विभाग द्वारा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1879 की धारा 8 के अंतर्गत क्रमश: पहली नवंबर, 1895 और 22 मार्च 1898 को जारी की गई अधिसूचना संख्या 5199 एसआर और 1390 एस आर)।

42. डाकघर जीवन बीमा निधि/ग्रामीण डाकघर जीवन बीमा निधि से संबंधित लेखे निदेशक, डाक जीवन बीमा, कोलकाता के कार्यालय में रखे जाएंगे।

प्रीमियम वसूल करने की विधि

टिप्पणी :- (रक्षा सेवा कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया इन नियमों के परिशिष्ट में दी गई है।)

43. प्रीमियम माह की पहली तारीख को देय होगा।

44. माह की किसी भी तारीख को अदा किया गया पहला प्रीमियम उस कैलेंडर मास के लिए अदा किया गया प्रीमियम होगा। पहले प्रीमियम का भुगतान प्रस्तावक द्वारा नकद अथवा चेक के माध्यम से किया जाएगा। वेतन से वसूल की जाने वाली पालिसियों के मामले में किसी माह विशेष का प्रीमियम बीमित व्यक्ति के उसी माह के वेतन मे अधिक से अधिक उस माह की अंतिम तिथि तक कर लिया जाएगा। मार्च का माह इसका अपवाद है क्योंकि इसके लिए वेतन अप्रैल के पहले कार्यदिवस को आहरित किया जाता है। यह जिम्मेदारी बीमाकृत व्यक्ति की होगी कि हर महीने की पहली तारीख को देय प्रीमियम की राशि की कटौती उस महीने के वेतन से कर ली जाए। यदि किसी माह में देय प्रीमियम की कटौती आहरित वेतन में से किसी भी कारण से नहीं की जाती है तो बीमाकृत को चाहिए कि वह उस माह के प्रीमियम का भुगतान नकद में करे और इस तथ्य की सूचना वेतन एवं लेखा अधिकारी/संवितरण अधिकारी को दे। ऐसी पालिसियों के मामले में यदि यह पाया जाता है कि वेतन से वसूली से नकद वसूली में परिवर्तित होने के कारण यदि अधिक प्रीमियम की वसूली कर ली गई है तो इसकी प्रतिपूर्ति परिपक्वता/ दावे के निपटान के समय कर दी जाएगी। और यदि प्रीमियम का भुगतान नकद में किया जाना है तो बीमित व्यक्ति को यह चाहिए कि अपने द्वारा चुने गए डाकघर में, तो जिस माह के लिए प्रीमियम देय है उस माह के पहले दिन या बढ़ाई गई अवधि के दौरान, जो जिस माह के लिए प्रीमियम देय है उस माह के अंतिम दिन तक हो सकती है[41], अथवा यदि माह का अंतिम दिन रविवार अथवा डाक अवकाश दिवस है तो उस माह के अंतिम दिन से एक दिन पहले कर दे और इस भुगतान की रसीद पोस्टमास्टर से अपनी रसीद पुस्तिका में प्राप्त कर ले। सरकारी सेवा छोड़ने वाले बीमित व्यक्ति का

प्रीमियम भुगतान नियम 49 के अनुसार शासित होगा। बीमित व्यक्ति अपनी पालिसी के संबंध में एक साथ कितने भी महीनों के प्रीमियम का भुगतान कर सकता है, बशर्ते कि भुगतान अग्रिम रूप में किया जाए।

अपवाद: तमिलनाडु में विद्यमान विशेष व्यवस्थाओं के अनुसार सरकार के कुछ ऐसे वाणिज्यिक उपक्रमों में लगी हुई स्थापनाओं के वेतन बिलों से जिनके लेखे वाणिज्यिक पद्धति पर रखे जाते हैं, प्रीमियम की कटौतियां संवितरण के समय की जाती है तथा वसूल की गई कुल राशि खजाने में प्रेषित कर दी जाती है। ये कटौतियां इस प्रकार से की गई समझी जाएंगी जैसे खजाने मे भुनाए जाने वाले बिलों के संबंध में कम आहरण करके की गई हों।

45. जब कोई बीमाकृत व्यक्ति भारत में छुट्टी पर रहता है अथवा निलंबन के अधीन है तो वह अपने प्रीमियम का भुगतान अपने द्वारा चुने गए किसी भी भारतीय डाकघर में नकद के रूप में करने अथवा यदि वह चाहे तो प्रीमियम की कटौती अवकाश वेतन अथवा निलंबन भत्ते में से करने की व्यवस्था करेगा। प्रीमियम का भुगतान डाकघर में नकद में किए जाने की स्थिति में इस बात की सूचना संबंधित डाकघर को देगा। हालांकि, यदि कोई बीमाकृत व्यक्ति भारत में विदेश सेवा में है अथवा अवकाश पर भारत से बाहर जाता है तो उसके मामले पर उस माह के प्रीमियम के बकाए के मामले में विचार नहीं किया जाएगा बशर्ते कि वह उस माह के लिए अपना वेतन और भत्ते ऐसे कारणों से आहरित न कर पाया हो जो उसके नियंत्रण से बाहर हों। यदि वेतन तथा भत्ते बाद में प्रीमियम में कटौती किए बगैर आहरित किए जाते हैं तो वह प्रीमियम का भुगतान एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से करेगा।

46. जब बीमाकृत व्यक्ति द्वारा कोई पालिसी किसी अन्य व्यक्ति को समनुदेशित की जाती है तो बीमाकृत व्यक्ति समनुदेशिती से यह तय कर सकता है कि उसके द्वारा समय-समय पर सभी प्रीमियम अदा किए जाएंगे और समनुदेशिती पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख की सहमति से मासिक प्रीमियम को नकद में उस पोस्टमास्टर को अदा करेगा जो उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए चुना गया है। यदि जिस महीने प्रीमियम दिया जाना है उस महीने के अंतिम कार्य दिवस को या उससे पहले (मार्च के मामले में, पहली अप्रैल) अदा नहीं किया जाता है तो यथास्थिति नियम 56 या नियम 57 के उपबंध लागू होंगे।

47. प्रत्येक विभाग का वेतन एवं लेखा कार्यालय/आहरण एवं संवितरण अधिकारी निदेशक डाक जीवन बीमा, कोलकाता को मासिक विवरण प्रस्तुत करेगा जिसमें उसके विभाग के व्यक्तियों के वेतन से कटौती करके वसूल किए गए प्रीमियम का भुगतान दर्शाएगा और डाक विभाग के संबंधित शाखा के लेखा परीक्षा अधिकारी के पास रखे जाने वाले अपने प्रीमियम (या केन्द्रीय समायोजक) लेखे में उस कुल राशि के लिए क्रेडिट दर्शाएगा।

48. जब किसी बीमाकृत व्यक्ति का स्थानांतरण एक स्थापना से दूसरी स्थापना में कर दिया जाता है तो वसूल किए जाने वाले प्रीमियम को उसके अंतिम वेतन प्रमाण-पत्र में दर्ज कर दिया जाना चाहिए ताकि नए कार्यालय में उसके वेतन मे आवश्यक कटौती की जा सके। बीमाकृत व्यक्ति के संवितरण अधिकारी को चाहिए कि स्थानांतरण की सूचना बीमाकृत व्यक्ति के लेखा-परीक्षा अधिकारी को दे और बीमाकृत व्यक्ति को स्वयं सूचना निश्चित रूप से पोस्टमास्टर जनरल/ डिवीजन प्रमुख को देनी चाहिए।

49. ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित पालिसियां जिन्होंने सरकारी सेवा छोड़ दी है- यदि कोई बीमाकृत व्यक्ति सरकारी सेवा से त्याग-पत्र दे अथवा पदच्युत कर दिया जाए, तो उसकी पालिसी उस समय प्रभावी बनी रहेगी जब तक कि वह प्रीमियम, अपने द्वारा चुने गए डाकघर में प्रत्येक महीने के अंतिम कार्यदिवस को अथवा छूट की अवधि के दौरान नियमित रूप से अदा करता रहेगा। जैसे ही बीमाकृत व्यक्ति का सरकार से संबंध समाप्त हो, उसे चाहिए कि वह पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को उस कार्यालय का नाम, जहां सरकारी सेवा के दौरान पहली बार प्रीमियम की कटौती की गई थी तथा उस डाकघर का नाम जिसमें वह भविष्य में प्रीमियम की अदायगी नकद में करना चाहता है, बताते हुए प्रीमियम रसीद बही प्राप्त करने के लिए आवेदन करे। आवेदन पत्र की एक प्रति उस स्थान के पोस्टमास्टर को भी पृष्ठांकित करनी चाहिए जिसमें भविष्य में नकद में प्रीमियम का भुगतान करना हो। यदि प्रीमियम रसीद पुस्तिका उस समय तक प्राप्त न हो, जब सरकारी सेवा छोड़ने के पश्चात् अगला प्रीमियम देय हो तो उसे नियत तारीख को उसकी नकद में अदायगी चुने गए डाकघर में, इस नियम के अंत में संलग्न फॉर्म में अपने पिछले संवितरण अधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हुए करनी चाहिए। ऐसे मामले में संबंधित पोस्टमास्टर फार्म एसीजी-67 में राशि की प्राप्ति के संबंध में एक रसीद देगा। जब तक उसे रसीद बही प्राप्त नहीं होती तब तक वह प्रीमियम का भुगतान पिछले महीने के प्रीमियम की रसीद प्रस्तुत करके नकद रूप में करेगा। उसके पश्चात् देय प्रीमियम का भुगतान प्रीमियम रसीद बही प्रस्तुत करने पर किया जाएगा तथा उस राशि की रसीदें केवल प्रीमियम रसीद पुस्तिका में ही दी जाएगी।

फार्म

----------मंत्रालय

----------सरकार/----------विभाग

---------- का कार्यालय

सं.----------(स्थान का नाम) तारीख----------

डाक जीवन बीमा के लिए प्रीमियम की कटौती किए जाने के संबंध में संवितरण अधिकारी का प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री----------(कार्यालय का पता सहित) की तारीख----------की डाक जीवन बीमा पालिसी संख्या---------- के संबंध में -------- माह/महीनों(वर्ष सहित महीनों का नाम) के प्रीमियम/प्रीमियमों की राशि के रूप में ----------रुपए(शब्दों में भी) की राशि की अंतिम कटौती----------महीने/महीनों(वर्ष सहित महीने का नाम) के वेतन से की गई थी, जिसका भुगतान---------- तारीख को किया गया था। (कार्यालय सील)

हस्ताक्षर

(संवितरण अधिकारी का पूरा नाम

बड़े अक्षरों में तथा पदनाम)

प्रीमियम तथा पालिसियों की राशि देय होने पर उसका भुगतान भारत में ही किया जाएगा

50. यदि डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी खरीदने वाला कोई व्यक्ति भारत छोड़ दे तो उसे चाहिए कि वह अपनी पालिसी पर अंदा किये जाने वाले प्रीमियम के किसी भी भारतीय डाकघर में, जिसे वह चुने, भुगतान की व्यवस्था पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख/डीडीओ के साथ करे। यदि बीमाकृत व्यक्ति की भारत के बाहर मृत्यु हो जाए, तो उसकी पालिसी के मूल्य का भुगतान नामिती(नामितियों)/कानूनी उत्तराधिकारी(उत्तराधिकारियों) को कर दिया जाएगा। भुगतान पोसटमास्टर जनरल/डिवीजनल अध्यक्ष द्वारा आदाता के खाते में रेखांकित चेक "अपरक्राम्य" के माध्यम से किया जाएगा[42]।

प्रीमियम कम करना, बन्द करना अथवा उसका रूपांतरण या अन्य परिवर्तन

51. (1) किसी प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा पालिसी तथा 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी से भिन्न पालिसी रखने वाला कोई पालिसी धारक किसी भी समय अपनी पालिसी का वर्ग बदले बिना अपने मासिक प्रीमियम या बीमाकृत राशि को कम करने के लिए आवेदन दे सकता है अथवा कम से कम तीन वर्ष की अवधि के प्रीमियम का भुगतान करने के बाद वह अपनी पालिसी के प्रीमियम का आगे भुगतान किए बिना उसे बीमे की राशि से कम राशि के लिए प्रदत्त पालिसी के रूप में करवा सकता है। किसी भी पालिसी का प्रदत्त मूल्य बीमाकृत पालिसी बीमाकृत कुल राशि के उस अनुपात में होगा जो अनुपात मूल रूप से जिस अधिकतम अवधि के लिए प्रीमियम देय था। मूल्य प्रदत्त पालिसियों पर प्रीमियम का भुगतान बंद करने की तिथि से कोई बोनस प्रदान नहीं किया जाएगा[43]। हालांकि, पाँच वर्ष की अवधि पूरी होने के बाद, अर्थात् यदि पालिसी कम से कम पाँच वर्ष की अवधि तक सक्रिय रहती है, प्रदत्त मूल्य पर उसी अनुपात में बोनस प्रदान किया जाएगा।

अपवाद:- प्रदत्त पालिसी की राशि के संबंध में दी गई उपर्युक्त टिप्पणी निम्नलिखित मामलों में लागू नहीं होती:-

(i) जहां प्रीमियम बकाया हो, तथा

(ii) जहां पर कोई कर्ज अथवा उस पर देय ब्याज बकाया हो।

(2) एकमुश्त राशि की अदायगी द्वारा आगे के प्रीमियमों का रूपान्तरण किसी भी समय किया जा सकता है।

(3) प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा पालिसी तथा 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा से भिन्न जिन पालिसियों के मामले में प्रीमियम में ऊपर उल्लिखित कमी, प्रीमियम देना, बंद करना या उनके रूपांतरण से भिन्न पालिसी की शर्तों में परिवर्तन किया जाना हो उनमें परिवर्तन की अनुमति समाकलित वर्षों के लिए प्रीमियम का भुगतान करने के बाद दी जायेगी और जिस मामले में प्रीमियम की अवधि बढ़ाना अथवा परिपक्वता की तारीख आस्थगित करना अभिप्रेत हो उसमें यह अनुमति बीमाकृत व्यक्ति के खर्च पर अच्छे स्वास्थ्य का डाक्टरी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी। प्रत्येक पालिसी की अवधि के दौरान ऐसे परिवर्तन को निशुल्क करने की अनुमति केवल एक बार दी जाएगी, दूसरे और उसके बाद किए जाने वाले अन्य परिवर्तन प्रत्येक मामले में निदेशालय द्वारा निर्धारित अधिकतम 20/-रुपए अथवा अन्य कोई शुल्क लेकर लिये जाएंगे।

(4) प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा पालिसी तथा 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी के अन्य वर्गों में परिवर्तन या प्रत्याशित परिवर्तन या प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा पालिसी तथा 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी की चुनी गई अवधि या बीमा की गई राशि में किसी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(5) पालिसी में ऐसा कोई परिवर्तन अनुज्ञेय नहीं है जिससे कि परिपक्वता की तारीख अथवा प्रीमियम बन्द किए जाने की तारीख बदलकर ऐसी किसी तारीख को पड़े जो परिवर्तन की तारीख के एक वर्ष पूर्व अथवा उससे एक वर्ष के अंदर हो।

पालिसियों का भुगतान

52(1) (क) पालिसी की परिपक्वता मूल्य का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति को एक निर्धारित फार्म भरकर उस पर हस्ताक्षर करना होगा। यह फार्म डिवीजनल कार्यालय/प्रधान अथवा उप डाकघर अथवा शाखा डाकघर में उपलब्ध होगा और इस फार्म को पोस्टमास्टर जनरल/ डिवीजन प्रमुख को सीधे अथवा डिवीजनल कार्यालय/प्रमुख अथवा उप डाकघर अथवा शाखा डाकघर के माध्यम से विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट दस्तावेजों सहित अग्रेषित करवाना होगा।

(ख) बीमित व्यक्ति की मृत्यु के मामले में दावा प्रस्तुत करने के लिए दावेदार को एक निर्धारित फार्म भरकर उस पर हस्ताक्षर करना होगा। यह फार्म डिवीजनल कार्यालय/प्रधान अथवा उप डाकघर अथवा शाखा डाकघर में उपलब्ध होगा और इस फार्म को पोस्टमास्टर जनरल/ डिवीजन प्रमुख को सीधे अथवा डिवीजनल कार्यालय/ प्रमुख अथवा उप डाकघर अथवा शाखा डाकघर के माध्यम से मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा विभाग द्वारा विनिर्दिष्ट दस्तावेजों सहित अग्रेषित करवाना होगा।

(ग) उत्तरजीविता लाभ अर्थात् एईए तथा 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसी के अंतर्गत आवधिक भुगतान प्राप्त करने के लिए बीमित व्यक्ति को एक निर्धारित फार्म भरकर उस पर हस्ताक्षर करना होगा। यह फार्म डिवीजनल कार्यालय/प्रधान अथवा उप डाकघर अथवा शाखा डाकघर में उपलब्ध होगा और इस फार्म को पोस्टमास्टर जनरल/ डिवीजन प्रमुख को सीधे अथवा डिवीजनल कार्यालय/ अध्यक्ष अथवा उप डाकघर अथवा शाखा डाकघर के माध्यम से विभाग द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट दस्तावेजों सहित अग्रेषित करवाना होगा।

(घ) दावे प्रस्तुत करने के लिए यदि पैरा (क), (ख) और (ग) में निर्धारित फार्म उपलब्ध नहीं हैं तो सादे कागज पर आवेदन के माध्यम से भी दावा प्रस्तुत किया जा सकता है।

(2) आवेदन तथा दस्तावेज प्राप्त होने के उपरांत पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख दावेदार के हक की जांच करेगा तथा यदि दावा स्वीकार्य पाया जाए तो यथास्थिति पालिसी के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्ति या आवधिक उत्तरजीविता लाभ की राशि में से उस राशि को घटाकर भुगतान करने का आदेश जारी करेगा जो प्रीमियम की बकाया धनराशि और उसके ब्याज के मद में देय हो। यदि किसी महीने का प्रीमियम महीने के अंतिम कार्य दिवस(मार्च के मामले में 1 अप्रैल) तक अदा न किया गया हो तो नियम 56 या 57 के उपबंध, जैसा भी मामला हो, लागू होंगे। परिपक्वता मूल्य, मृत्यु दावा तथा उत्तरजीविता लाभ के भुगतान के आदेश संबंधित पोस्टमास्टर को जारी किए जाएंगे और इसकी सूचना दावेदार को भी प्रदान की जाएगी। दावेदार को अनुमोदित राशि का भुगतान, आदेश की आदाता की प्रति (यदि आदाता की प्रति गुम हो गई हो तो पोस्टमास्टर की प्रति पर। परंतु इस स्थिति में इसका पृष्ठांकन करना होगा और आदाता तथा गवाह के हस्ताक्षर होंगे।)डाकघर में वापस करने और जहां आवश्यक हो आदेश के पिछले हिस्से पर स्टाम्प लगी हुई रसीद पर हस्ताक्षर करने के उपरांत किया जाएगा। दावों के निपटारे में होने वाले विलंब के लिए विभाग कोई जिम्मेदारी नहीं लेता। अतः, दावेदारों को सलाह दी जाती है कि वे पालिसियों के परिपक्व होने की तारीख के पर्याप्त पहले अपने दावे प्रस्तुत कर दें और उसके साथ प्रीमियम के भुगतान की तारीख से छह महीने के प्रीमियम के भुगतान का प्रमाण संवितरण अधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में अर्थात् वेतन और भत्ते संवितरित करने वाले

अधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में प्रस्तुत करें। यदि भुगतान चेक के माध्यम से किया जाता है तो डिस्पैच का विवरण तथा चेक का ब्यौरा मंजूरी की पोस्टमास्टर वाली प्रति पर नोट किया जाएगा।

अपवाद:- हालांकि, अगर यह प्रमाणित हो जाता है कि दावों के भुगतान में प्रशासनिक कारणों की वजह से विलंब हुआ है तो नीचे यथानिर्दिष्ट अवधि से परे विलंब के लिए दावे की अनिस्तारित धनराशि पर 8% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का अनुग्रह भुगतान किया जाएगा[44]:-

(i) परिपक्वता दावा के मामले में सम्पूर्ण दावा कागजात के प्राप्त होने की वास्तविक तिथि से 30 दिनों से अधिक या परिपक्वता तिथि से 30 दिनों, जो भी बाद में घटित हो, के लिए।

(ii) मृत्यु दावा के मामले में जिन पालिसियों के अंतर्गत दावे की वास्तिवकता की जांच करने की जरूरत नहीं हो उनमें सम्पूर्ण दावा कागजात के मिलने की वास्तविक तिथि से 60 से अधिक दिनों के लिए।

टिप्पणी 1: यदि दावेदार पालिसी का विधिक समनुदेशिती है तो उसे पोस्टमास्टर जनरल को ऐसा समनुदेशन विलेख अग्रेषित करना होगा जो उसके पास हो। पोस्टमास्टर जनरल ऐसे मामलों में आगे आवश्यक समझी जाने वाली पूछताछ करने के बाद, अनुज्ञेय राशि का भुगतान समनुदेशिती को किये जाने का आदेश देगा। तब पालिसी से संबंधित भुगतान के लिए इस नियम में निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

53. **पूर्व मृत्यु के मामलों में दावों का निपटारा**

पूर्व मृत्यु के मामले में अर्थात् पालिसी की स्वीकृति के 3 वर्ष पूरे होने से पूर्व मृत्यु के मामलों की गहन जांच यह जानने के लिए की जाएगी कि क्या बीमाधारक ने बीमा प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय ऐसी वस्तुपरक सूचना जान- बूझकर छुपाई थी जो अन्यथा प्रस्तावक को डाक जीवन बीमा का पात्र नहीं बनाती है तथा इस बात की जांच की जानी चाहिए कि क्या बीमाधारक पालिसी लेने से पहले किसी बीमारी से ग्रस्त था, क्या मार्केटिंग स्टाफ द्वारा जानबूझकर अवमानक बीमा करवाया गया था या कोष राशि को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया तथा क्या मृत्यु के कारण का बीमारी से कोई संबंध था जो कि जांच के दौरान प्रकाश में आया। पूरी तरह संतुष्ट होने के उपरांत पोस्टमास्टर जनरल मृत्यु दावा मामले को मंजूरी प्रदान कर सकता है।

54. 1,00,000/- (एक लाख रुपए) तक के दावों को, जहां कोई नामांकन नहीं है, महानिदेशक डाक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की शर्त में छूट प्रदान की जा सकती है बशर्ते कि मामले की जायज कारणों से पोस्टमास्टर जनरल द्वारा सिफारिश की गई हो। छूट प्रदान किए जाने के बाद मामले को पोस्टमास्टर जनरल द्वारा सामान्य औपचारिकताओं को पूरा करने के उपरांत निपटाया जा सकता है।

पालिसियों का अभ्यर्पण

55. प्रत्याशित बंदोबस्ती बीमा, 10 वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा और बाल पालिसी को छोड़कर किसी भी आजीवन बीमा पालिसी को तत्काल नकदी के भुगतान के लिए अभ्यर्पित किया जा सकता है बशर्ते कि पालिसी तीन वर्ष से कम अवधि की न हो। ऐसे किसी मामले में बीमाकृत व्यक्ति या पालिसी का समनुदेशिती जैसा भी मामला हो, संबंधित पोस्टमास्टर जनरल को अभ्यर्पण का लिखित नोटिस देगा तथा पालिसी या उसकी दूसरी प्रति अथवा इंडेम्निटी बांड (यदि पालिसी खो गई हो) और यदि प्रीमियम नकद रूप में अदा किए गए हों तो प्रीमियम रसीद बही भी उसके साथ देगा। ऐसे मामलों में जिनमें प्रीमियम की अदायगी वेतन बिलों से कटौती करके की जानी हो, यदि प्रीमिया का भुगतान नकद में हुआ है तथा ऋण पुनर्भुगतान रसीद पुस्तिका, यदि ऋण मूल/ब्याज बकाया है। बीमाकृत व्यक्ति के वेतन से प्रीमियम के लिए आगे कर जाने वाली कटौतियां पोस्टमास्टर जनरल से अनुदेश प्राप्त होने पर बंद कर दी जाएगी। इस नियम के अंतर्गत अभ्यर्पित की गई पालिसी उस महीने के अंत तक प्रवृत्त बनी रहेगी जिसमें पोस्टमास्टर जनरल को अभ्यर्पित करने के संबंध में आवदेन प्राप्त हुआ हो तथा तदनुसार उस अवधि के लिए भी प्रीमियम देय होगा जिसके लिए पालिसी इस प्रकार प्रवृत्त बनी रही हो। ऐसी पालिसियों के संबंध में जिनके वार्षिक प्रीमियम पहले से की नकद में अदा किए गए हों,अभ्यर्पण की तारीख पर विचार किए बिना वर्ष के अंत में अभ्यर्पण मूल्य की गणना की जाए लेकिन जिस समय पालिसीधारक अभ्यर्पण मूल्य की अदायगी चाहे उस समय उसकी अदायगी की जाए। प्रीमियम बंद किए जाने की तिथि से पालिसी पर किसी बोनस का भुगतान नहीं किया जाएगा[43]। पाँच वर्ष पूरे होने के बाद अर्थात् यदि पालिसी न्यूनतम पाँच वर्ष तक सक्रिय रहती है तो प्रदत्त मूल्य पर उसी अनुपात में बोनस प्रदान किया जाएगा।

55.1 इस नियम में उल्लिखित नोटिस तथा दस्तावेजों के प्राप्त होने के उपरांत पोस्टमास्टर जनरल दावेदार के हक की जांच करेगा तथा निर्धारित फार्मूले के अनुसार अभ्यर्पण मूल्य का गणना करेगा। पालिसी के देय अभ्यर्पण मूल्य के संबंध में दावेदर को भी सूचित किया जाएगा ताकि वह अभ्यर्पित की जाने वाली पालिसी के अभ्यर्पण मूल्य को प्राप्त करने के संबंध में अपनी सहमति/असहमति लिखित रूप में प्रेषित कर सके। दावेदार को सूचित करते हुए संबंधित पोस्टामास्टर को अभ्यर्पण मूल्य के भुगतान के आदेश तभी जारी किए जाएंगे जब दावेदार से अभ्यर्पण

मूल्य को स्वीकार किए जाने की सहमति संबंधी सूचना प्राप्त हो जाए। मंजूर की गई राशि का भुगतान दावेदार को उसके द्वारा डाकघर में आदेश की आदाता वाली प्रति लौटाने पर तथा आदेश के पिछले हिस्से पर, जहां आवश्यक हो, विधिवत स्टाम्पित रसीद पर उसके लिए हस्ताक्षर करने पर किया जाएगा। चेक के माध्यम से भुगतान के मामले में नियम 52(2) में निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

55.2 पोस्टमास्टर जनरल आवेदक को अभ्यर्पण मूल्य वास्तव में अदा किए जाने से पहले अभ्यर्पण के किसी आवेदन को अपने विवेकानुसार वापस लेने की अनुमति दे सकता है, यदि आवेदन वापस लेने के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत किए जाएं तथा उससे निधि के हित पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

छत्तीस महीनों के भीतर पॉलिसी व्यपगमन और मृत्यु दावों का निस्तारण[45 से 48]

56(i) ऐसी पालिसी जिसके लिए कोई प्रीमियम प्राप्य हो जिसे उस महीने, जिसके लिए प्रीमियम प्राप्य हो, के या तो पहले दिन या नियम 44 के अनुसार अनुमत रियायत अवधि के भीतर अदा न किया गया हो, तो पालिसी शून्य हो जाएगी।

56.2 (क) अगर, किसी पालिसी के मामले में पालिसी स्वीकृत होने की तिथि से छत्तीस महीनों के पूरा होने के पहले मृत्यु हो जाती है और जहां कोई प्रीमियम प्राप्य हो, जिसे उस महीने, जिसके लिए प्रीमियम प्राप्य हो, के या तो पहले दिन या नियम 44 के अनुसार अनुमत रियायत अवधि के भीतर अदा न किया गया हो तो पालिसी शून्य हो जाएगी और तत्संबंधी किसी हितलाभ के सभी प्रकार के दावे खत्म हो जाएंगे और उसके परिणामस्वरूप अदा सभी धनराशि यहां इसके पश्चात् उल्लिखित मामलों के सिवाए जब्त कर ली जाएगी;

(i) बशर्ते कि इस नियम के प्रयोजनार्थ ऐसे बीमाकृत व्यक्ति पर विचार नहीं किया जाना है जिसके प्रीमियम की बकाया राशि कितने ही महीने के लिए इस कारण से लंबित पड़ी हो कि वह अपना वेतन, पेंशन या निलंबन के दौरान निर्वाह भत्ता आहरित न कर पाया हो, या अगर बीमित व्यक्ति भारत में छुट्टी पर हो, उसके नियंत्रण से परे की परिस्थितियों की वजह से छुट्टी का कोई भत्ता हालांकि प्राप्य हो, अगले महीने के लिए प्राप्य हो जाता है।

(ii) आगे बशर्ते कि उपर्युक्त (i) के उपबंध ऐसे बीमादारों पर लागू नहीं होंगे जो अपना प्रीमियम नकद अदा करते हैं।

(ख) ऊपर जो कुछ भी कहा गया है उसके होते हुए भी अगर बीमित जीवन की पालिसी स्वीकृत होने की तिथि से छत्तीस महीनों की भीतर (मृत्यु) हो जाती है तो ऐसी पालिसियों के संदर्भ में माफी की अतिरिक्त अवधि की अनुमति दी जाएगी जिनमें प्रीमियम निम्नलिखित तरीके से नियम 44 के अंतर्गत अनुमत रियायत की अवधि से परे अदत्त रह जाता है;

(i) अगर बीमित जीवन की पालिसी स्वीकृत होने की तिथि से छः महीनों के भीतर मृत्यु हो जाती है तो रियायत के दिनों से परे माफी की किसी अवधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) अगर बीमित जीवन की बारह महीनों के भीतर, किन्तु छः महीने पूरा होने के पहले नहीं, मृत्यु हो जाती है तो रियायत की अवधि के अतिरिक्त 30 दिनों की माफी अवधि की अनुमति दी जाएगी।

(iii) अगर बीमित जीवन की पालिसी स्वीकृत होने की तिथि से चौबीस महीनों के भीतर, किन्तु बारह महीनों के पूरा होने के पहले नहीं, मृत्यु हो जाती है तो रियायत की अवधि के अतिरिक्त साठ दिनों की माफी अवधि की अनुमति दी जाएगी।

(iv) अगर बीमित जीवन की पालिसी स्वीकृत होने की तिथि से छत्तीस महीनों के भीतर, किन्तु चौबीस महीनों के पूरा होने के पहले नहीं, मृत्यु हो जाती है तो रियायत की अवधि के अतिरिक्त नब्बे दिनों की माफी अवधि की अनुमति दी जाएगी।

(v) उपर्युक्त नियम 56(2) ख (i) (ii) (iii) और (iv) के अनुसार अनुमत माफी अवधि के दौरान और प्राप्त प्रीमियम और उससे संबंधित ब्याज का भुगतान करने के पूर्व बीमित जीवन की मृत्यु होने की दशा में भी पालिसी वैध मानी जाएगी और बीमादार के नामिती या कानूनी वारिस जैसा भी मामला हो, को दावा राशि और उससे संबंधित ब्याज, जो डाक महानिदेशक द्वारा यथाविहित दर पर हो, से अप्रदत्त प्रीमियम की कटौती करके, अदायगी की जाएगी।

टिप्पणी 1 : पोस्टमास्टर जनरल के पास इस बात की विवेकाधीन शक्तियां हैं कि वे विशेष मामलों में पालिसी के मूल्य या उसके अंश के अनुग्रह भुगतान या बीमादार द्वारा प्रदत्त प्रीमियम या उसके अंश के अनुग्रह रिफंड, जो ब्याज के सहित या रहित हो सकती है, की अनुमति दे दें बशर्ते कि वह इस बात से संतुष्ट हो जाएं कि नियमों का इस प्रयोजन से जानबूझ कर कोई उल्लंघन नहीं हुआ है कि जिससे इसके हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े और परिस्थितियां पालिसी धन का भुगतान करने का समुचित आधार प्रस्तुत कर रही हों।

56 (3) शून्य पालिसी के पालिसीधारक के पालिसी के संदर्भ में देय पहले अप्रदत्त प्रीमियम की तिथि से छः महीनों की अवधि के भीतर अपनी पालिसी का पुनः प्रवर्तन चाहने की दशा में वह पालिसी के संदर्भ में प्रीमियम का भुगतान करने के प्रयोजनार्थ निर्दिष्ट डाकघर में डाक महानिदेशक द्वारा यथाविहित दरों पर उस तिथि तक प्रीमियम की सभी बकाया धनराशि उससे संबंधित ब्याज के साथ जमा कर सकते हैं। पालिसी का पुनः

प्रवर्तन बीमादार या विभाग द्वारा आगे की जाने वाली किसी कार्रवाई के बगैर स्वमेव होगा। हालांकि, यह बकाया राशि के भुगतान के समय जीवन की सतत् बीमा-योजना की शर्त के अध्यधीन होगा जिसके लिए उसे अपने अच्छे स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र और प्राधिकृत/पंजीकृत चिकित्सक प्रैक्टिशनर का इस आशय का चिकित्सा प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

(i) बशर्ते कि अगर ऊपर उल्लिखित छ: महीनों की अवधि के दौरान प्रीमियम अदायगियों के अभिप्रेत कोई भी भुगतान किया जाता है और अगर भुगतान पालिसी को शून्य होने देने से रोकने के लिए अपेक्षित ब्याज सहित सभी बकाया धनराशि को कवर न कर पाए तो वैसा भुगतान उचंत में रखा जाएगा और बीमित जीवन का जोखिम कवर करने के प्रीमियम के रूप में किया गया भुगतान नहीं माना जाएगा। जब प्रीमियम उचंत में रखा जाए और पालिसी पुन: प्रवर्तित न की जाए तो वैसी अवधि के दौरान बीमित जीवन की मृत्यु होने पर विभाग पर किसी प्रकार का दावा नहीं रहेगा। आवेदन करने पर उचंत में रखा गया प्रीमियम डाक महानिदेशक द्वारा यथाविहित ब्याज के साथ पालिसीधारक या उसके नामित, या उसके कानूनी वारिस को जैसा भी मामला हो, आवेदन करने पर वापस कर दिया जाएगा।

टिप्पणी 1: नियम 56 (3) और नियम 57(3) के अंतर्गत पालिसी के पुन:प्रवर्तन की कालावधि के दौरान तीन अवसरों के लिए अनुमति दी जा सकती है।

छत्तीस माह के बाद पालिसी का व्यपगमन और दावों का निस्तारण[45 से 48]

(1) जो पालिसी उसके स्वीकृत होने की तिथि से कम से कम छत्तीस महीनों तक प्रवृत्त रही हो और जहां वैसी अवधि के बाद कोई प्रीमियम देय रहा हो उसके मामले में अगर जिस महीने के लिए प्रीमियम प्राप्य हो उसके या तो प्रथम दिन या नियम 44 के अनुसार अनुमत रियायत अवधि के भीतर प्रीमियम अदा नहीं किया जाता है तो पालिसी को उसके संदर्भ में पहले अप्रदत्त प्रीमियम के प्राप्य होने की तिथि से बारह महीनों के समाप्त होने पर व्यपगत माना जाएगा।

(i) बशर्ते कि इस नियम के प्रयोजनार्थ ऐसे बीमाकृत व्यक्ति पर विचार नहीं किया जाता है जिसके प्रीमियम की बकाया-राशि कितने ही महीने के लिए इस कारण से लंबित पड़ी हो कि वह अपना वेतन, पेंशन या निलंबन के दौरान निर्वाह भत्ता आहरित न कर पाया हो, या अगर बीमित व्यक्ति भारत में छुट्टी पर हो, उसके नियंत्रण से परे की परिस्थितियों की वजह से छुट्टी का कोई भत्ता हालांकि प्राप्य हो, अगले महीने के लिए प्राप्य हो जाता है।

(ii) आगे बशर्ते कि उपर्युक्त (i) के उपबंध ऐसे बीमादारों पर लागू नहीं होंगे जो अपना प्रीमियम नकद अदा करते हैं।

57 (2) क. अगर कोई पालिसी पहले अप्रदत्त प्रीमियम के प्राप्य होने की तिथि से बारह महीनों की उक्त अवधि के भीतर या तो बीमित जीवन की मृत्यु होने की वजह से या पालिसी अवधि के पूरा होने पर दावा बन जाती है तो पालिसी के भुगतान के लिए दावा स्वीकृत किया जाएगा बशर्ते कि वैसी पालिसी के संदर्भ में पहले अप्रदत्त प्रीमियम के प्राप्य होने की तिथि से लेकर डाक महानिदेशक द्वारा विहित दरों पर इसके दावा बनने की तिथि तक प्रीमियम और उससे संबंधित ब्याज की सभी बकाया-राशि की कटौती कर ली जाए और बशर्ते कि संचित ऋण और उससे संबंधित ब्याज यदि कोई हो, की आगे कटौती कर ली जाए।

(ख) अगर बारह महीनों की ऊपर वर्णित अवधि के भीतर पालिसी या तो बीमित जीवन की मृत्यु होने की वजह से या पालिसी अवधि के पूरा होने पर दावा नहीं बनती है और उस अवधि के भीतर अभ्यर्पण मूल्य के लिए या प्रदत्त पालिसी के लिए कोई आवेदन नहीं प्राप्त होता है तो पालिसी केवल इसके प्रदत्त मूल्य की सीमा तक स्वमेव सक्रिय रखी जाएगी बशर्ते कि वैसा प्रदत्त मूल्य 10,000/- रु. से कम न हो।

57(3) जो पालिसी उपर्युक्त उप नियम (1) के निबंधनों के अनुसार असक्रिय हो गई है उसके पालिसी धारक के वैसी पालिसी के संदर्भ में देय पहले अप्रदत्त प्रीमियम की तिथि से बाहर महीनों की अवधि के भीतर अपनी पालिसी का पुन: प्रवर्तन चाहने की दशा में वह वैसी पालिसी के संदर्भ में प्रीमियम का भुगतान करने के प्रयोजनार्थ निर्दिष्ट डाकघर में निर्धारित दरों पर उस तिथि तक प्रीमियम की सभी बकाया धनराशि उससे संबंधित ब्याज के साथ जमा कर सकते हैं। पालिसी का पुन:प्रवर्तन बीमादार या विभाग द्वारा आगे की जाने वाली किसी कार्रवाई के बगैर स्वमेव होगा। हालांकि, यह बकाया-राशि के भुगतान के समय जीवन की सतत् बीमा-योग्यता की शर्त के अध्यधीन होगा जिसके लिए उसे अपने अच्छे स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र और प्राधिकृत/पंजीकृत चिकित्सक का इस आशय का चिकित्सा प्रैक्टिशनर प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

57 (4) बशर्ते कि अगर उप नियम (3) में उल्लिखित बारह महीनों की पूर्वोक्त अवधि के दौरान प्रीमियम अदायगियों के अभिप्रेत कोई भी भुगतान किया जाता है और अगर भुगतान पालिसी को बन्द होने देने से रोकने के लिए अपेक्षित ब्याज सहित सभी बकाया धनराशि को कवर न कर पाए तो वैसा भुगतान उचंत में रखा जाएगा और बीमित जीवन का जोखिम कवर करने के प्रीमियम के रूप में किया गया भुगतान नहीं माना जाएगा। जब प्रीमियम उचंत में रखा जाए और पालिसी पुन:प्रवर्तित न की जाए तो वैसी अवधि के दौरान बीमित जीवन की मृत्यु होने पर विभाग पर किसी प्रकार का दावा नहीं रहेगा। आवेदन करने पर उचंत में रखा गया प्रीमियम डाक महानिदेशक द्वारा वापसी के समय यथाविहित ब्याज के साथ पालिसीधारक या उसके नामित, या उसके कानूनी वारिस को वापस कर दिया जाएगा।

(ii) उन पालिसियों के संबंध में जिनमें प्रीमियम वार्षिक तौर पर नकद में अग्रिम दिया जाता है, मृत्यु के कारण उत्पन्न होने वाले दावे के मामले को छोड़कर शेष में प्रीमियम की वापिसी की अनुमति नहीं हैं। मृत्यु के कारण उत्पन्न होने वाले दावों के मामलों में समाप्त न हुए महीनों के प्रीमियम की वापिसी होगी।

टिप्पणी 1:- नियम 56 (3) और नियम 57(3) के अंतर्गत पालिसी के पुन:प्रवर्तन की पालिसी की कालावधि के दौरान तीन अवसरों के लिए अनुमति दी जा सकती है।

पालिसियों का पुन:प्रवर्तन 45 से 48

58(1) पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त होने पर अपने विवेकाधिकार से ऐसी पालिसी को पुन: प्रवर्तित करने की अनुमति दे सकते हैं जो नियम 56(1) के निबंधनों के अनुसार शून्य हो गई हो अथवा नियम 57(1) के निबंधनों के अनुसार सक्रिय नहीं रह गई है और नियम 56(3) या 57(3) के उपबंधों के अंतर्गत पुनर्स्थापित नहीं की गई है बशर्ते कि उक्त तिथि प्राप्त न कर ली हो और बीमित व्यक्ति पुन:प्रवर्तन के समय बीमायोग्य हो। ऐसा पुन:प्रवर्तन प्रीमियम की सभी बकाया राशि और डाक महानिदेशक द्वारा विहित दरों पर उससे संबंधित ब्याज, पालिसी के संदर्भ में प्रथम अप्रदत्त प्रीमियम की तिथि जो पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा निर्धारित हो, से परिकलित होगा और प्राप्य के भुगतान की शर्त के अधीन होगा और आगे नियोक्ता (नियोक्ताओं) का इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त के अध्यधीन होगा कि पालिसीधारक ने गत एक वर्ष के दौरान या वैसी पालिसी के संदर्भ में प्रथम अप्रदत्त प्रीमियम के प्राप्य होने की तिथि से चिकित्सा आधारों पर कोई छुट्टी नहीं ली है और एक प्राधिकृत मेडिकल अटेंडैंट से विहित प्रपत्र में यह प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण पत्र कि बीमादार की सेहत और आदतों के संबंध में बीमित व्यक्ति बीमा योग्य है और दर्शाने के लिए इस बात के साक्ष्य हैं कि उसके निजी या पारिवारिक इतिवृत्त या उसके पेशे में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

58(2) कोई पालिसी तब तक पुन: प्रवर्तित नहीं मानी जाएगी जब तक कि उस प्रयोजन के लिए कोई आवेदन न दिया जाए और जब तक पालिसी लिखित में औपचारिक रूप से पुन:प्रवर्तित न कर दी जाए।

58(3) कोई पालिसी जो नियम 56(1) के अधीन समाप्त हो गई हो अथवा जो नियम 57(1) के अधीन सक्रिय न रह गई हो तो इसके पश्चात किए गए प्रीमियम/प्रीमियमों के भुगतानों के बतौर यदि कोई भुगतान हो परन्तु वह पालिसी के उपरोक्त उपनियम (1) एवं (2) के आधार पर पुन:प्रवर्तन करने से पहले किया गया हो, तो उन्हें उचंत में रखा जाएगा तथा उसे जीवन बीमा के जोखिम को कवर करने के लिए प्रीमियम/प्रीमियमों के भुगतान के बतौर नहीं माना जाएगा। ऐसी अवधि में जब प्रीमियम/प्रीमियमों को उचन्त में रखा गया है तथा पालिसी का पुन:प्रवर्तन नहीं किया गया है तब विभाग पर बीमा किए गए व्यक्ति की मृत्यु होने पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। उचंत प्रीमियमों को पालिसी धारक, उसके कानूनी वारिस अथवा नामांकित व्यक्ति, जैसा भी मामला हो , को महानिदेशक डाक द्वारा निर्धारित ब्याज के साथ वापस किया जाएगा।

58(4) पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख किसी पालिसी के पुन:प्रवर्तन हेतु जो कि नियम 56(1) के अंतर्गत समाप्त हो गई हो अथवा नियम 57(1) के अधीन सक्रिय न रह गई हो, अपने विवेकाधिकार से प्रीमियमों के बकायों को ब्याज के साथ आसान किश्तों पर, जो 12 से अधिक नहीं हों, एक विशेष आदेश द्वारा पात्र मामलों के लिए इसकी अनुमति एक विशेष आदेश द्वारा, जो लिखित में हो, दे सकते हैं। ऐसे मामलों में जीवन बीमा का कवर उस दिन से प्रदान किया जाएगा जब पहली किश्त जमा कर दी जाएगी बशर्ते कि उसके पश्चात किस्तें नियमित रूप से दी गई हो तथा सामान्य मासिक प्रीमियम राशि बकाया के साथ जब भी नियत हो, नियमित रूप से की गई हो, बीमा धारक की मृत्यु के मामले में जो कि पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख के निदेश के अनुसार नियत तिथि पर मासिक प्रीमियम राशि नियमित रूप से जमा करने के अतिरिक्त बकाया की किश्त जमा करते रहे हैं तो मृत्यु के समय पर प्रीमियम राशि के कुछ बकाए के भुगतान नहीं होने पर भी उक्त पालिसी का दावा मान्य होगा बशर्ते कि दावा राशि में से ऐसे बकाए और उस पर ब्याज तथा यदि कोई कर्ज लिया गया है तो वह उस दावा राशि में से राशि पर ब्याज के साथ काट लिया जाएगा।

58(5) ग्रामीण डाक जीवन बीमा पालिसियों के पुन:प्रवर्तन के लिए ये नियम यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे केवल, सिवाय इस बात के कि नियोक्ता का प्रमाणपत्र अपेक्षित नहीं होगा।

टिप्पणी:- नियम 58 के अंतर्गत पालिसी की पूरी अवधि के दौरान पालिसी का पुन:प्रवर्तन दो से अधिक बार अनुमेय नहीं किया जाएगा तथापि जिसमें पुन:स्थापन हेतु नियम 56(3) तथा 57(3) दी में गई रियायत सम्मिलित नहीं होगी।

पालिसियों पर ऋण

59(1)(क) प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा पालिसी, दस वर्षीय ग्रामीण डाक जीवन बीमा और बाल पालिसी के अतिरिक्त इन नियमों के अधीन जारी की गई प्रत्याशित बन्दोबस्ती बीमा पालिसियों से भिन्न पालिसियों की जमानत पर ऋण दिया जा सकता है। ऐसा ऋण आजीवन पालिसी की जमानत पर दिया जा सकता है यदि यह कम से कम चार वर्ष तक प्रवृत्त रही हो तथा अन्यथा भार रहित हो तथा उसने 1000[49] रु. का न्यूनतम अभ्यर्पण मूल्य अर्जित कर लिया हो। उस अभ्यर्पण मूल्य की प्रतिशतता जिस पर आजीवन पालिसी की जमानत पर ऋण दिया जा सकता है विभाग द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी।

(ख) बन्दोबस्ती बीमा पालिमी जिसमें संयुक्त जीवन बीमा भी शामिल है, की जमानत पर भी ऐसी स्थिति में ऋण दिया जा सकता है, यदि वह कम से कम तीन वर्ष तक प्रवृत्त रही हो तथा अन्यथा भार रहित हो तथा उसने 1000 रु[49]. का अभ्यर्पण मूल्य अर्जित कर लिया हो। अभ्यर्पण मूल्य की प्रतिशतता जिस पर बन्दोबस्ती बीमा पालिसी की जमानत पर कर्ज दिया जा सकता है, विभाग, द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होगी।

59 (2) ऋण के लिए आवेदन उस स्थान के किसी भी डाकघर में उपलब्ध फार्म में, पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को दिया जाएगा, जिसमें आवेदक रहता है। बीमादार द्वारा कर्ज के लिए विधिवत भरा गया और हस्ताक्षरित आवेदन पालिसी सहित पोस्टमास्टर को दे दिया जाएगा तथा इस संबंध में रसीद ले ली जाएगी। संबंधित पोस्टमास्टर सभी कागज पोस्टमास्टर जनरल डिवीजन प्रमुख को तत्काल अग्रेषित करेगा। विकल्पत: बीमादार कर्ज के लिए आवेदन पालिसी प्रीमियम रसीद बुक (नकद पालिसी के मामले में) और ऋण पुनर्भुगतान रसीद बुक (दूसरे अथवा परवर्ती ऋणी के मामले में) तथा प्रीमिया की कटौती का पिछले छ: माह का संवितरण अधिकारी का प्रमाणपत्र (वेतन वसूली पालिसी के मामले में) पालिसी के साथ पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को भेज सकता है। दस्तावेजों के साथ पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उसी पालिसी से संबंधित रिकार्ड देखकर यह सत्यापित करेगा कि ऋण के लिए पालिसीधारक पात्र है और पालिसी ऋणभार मुक्त है। वह ऋण की उस राशि की भी गणना करेगा जो आवेदन किए जाने की तारीख को अनुज्ञेय हो, और देय हो तो उपर्युक्त शर्तों पर ऋण की मंजूरी देगा। ऋण बंधपत्र, जिसमें संगत प्रविष्टियां भरी हुई हों, सहित मंजूरी की एक प्रति संबंधित पोस्टमास्टर को अग्रेषित की जाएगी जिसमें ऋण बंधपत्र निष्पादित करने के पश्चात् आवेदक को कर्ज की राशि को भुगतान किए जाने के अनुदेश होंगे। पोस्टमास्टर वह प्रति वापस करेगा तथा उसे पालिसी व कर्ज के लिए दिए गए आवेदन पत्र के साथ पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाएगा। यह सुनिश्चित करने के बाद कि कर्ज की राशि तथा ब्याज की पूर्णत: वापसी/अदायगी की जा चुकी है, पालिसी बीमाकृत व्यक्ति को या उसकी विधिक रूप से हकदार पार्टी को दे दी जाएगी। मंजूर की गई ऋण की राशि 100/-रु[49]. के पूर्ण गुणांक में होनी चाहिए। बीमित व्यक्ति को पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख (संबंधित डाकघर के माध्यम से) द्वारा एक पुनर्भुगतान रसीद बुक दी जाएगी जिसमें ऋण के पुनर्भुगतान में प्रदत्त राशि की किश्त और तारीख के साथ पोस्टमास्टर के आद्यक्षर होंगे। ऋण पुनर्भुगतान रसीद बुक खो जाने पर नियम 32 में दी गई कार्यवाही का अनुपालन किया जाएगा।

जिन पालिसियों पर भी ऋण लिया जाए वह हमेशा राष्ट्रपति को समनुदेशित की जानी चाहिए।

यदि बीमाकृत व्यक्ति ने अपनी पालिसी किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में समनुदेशित कर दी हो, तो उस पालिसी पर ऋण बीमाकृत व्यक्ति को केवल तभी दिया जाएगा, जबकि वह पालिसी अपने पक्ष में पुन: समनुदेशित कर ले तथा फिर इसे राष्ट्रपति को समनुदेशित करें। जिस पालिसी पर पहले ऋण दिया जा चुका है उसकी जमानत पर इस नियम के उप नियम (1)(ii) में निर्धारित राशि से अनधिक दूसरा या अगला ऋण दिया जा सकता है। तथापि दूसरा या परवर्ती ऋणी तब तक नहीं दिया जाएगा, जब तक पहले ऋण की अदायगी के पश्चात् एक वर्ष न बीत चुका हो।*

*पोस्टमास्टर जनरल अपवादात्मक परिस्थितियों में द्वितीय या परवर्ती ऋण दे सकेता है।

59(3) ऋण किसी भी समय वापस किया जा सकता है। इनका भुगतान कम से कम 100 रु[49]. की किश्तों में किया जा सकता है। प्रतिवर्ष 10% की दर पर छमाही चक्रवृद्धि ब्याज लिया जाएगा तथा ऋण बंधपत्र और ऋण पुनर्भुगतान रसीद बुक में विनिर्दिष्ट की गई तारीख को या उससे पहले उसका भुगतान किया जाएगा। छमाही ब्याज उस राशि पर प्रभारित किया जाएगा जो छमाही के पहले दिन बकाया होगी तथा उस छमाही के दौरान लौटाई गई किसी भी राशि को केवल अगली छमाही के ब्याज की गणना के लिए ध्यान में रखा जाएगा। चुकाई गई अंतिम वापसी अदायगी के मामले में, ब्याज उस महीने की अंतिम तारीख के बाद नहीं प्रभारित किया जाएगा, जिस महीने अंतिम भुगतान किया गया है बशर्ते कि ऋण पर कम से कम छ: महीने के लिए ब्याज पहले ही प्रभारित किया जा चुका है। ब्याज के भुगतान की जिम्मेदारी पूर्णतया बीमादार

की है। छमाही ब्याज के रूप में भुगतान की जाने वाली राशि के संबंध में बीमादार को नोटिस केवल उसी समय दिया जाएगा जबकि मूलधन के किसी अंश के भुगतान के परिणामस्वरूप ब्याज के रूप में भुगतान की जाने वाली राशि में कोई परिवर्तन हुआ हो। लेकिन ब्याज के भुगतान न करने के संबंध में उक्त नोटिस प्राप्त न होने का तर्क किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। यदि नियत तारीख को ब्याज को नहीं चुकाया जाता है तो वह ऋण की बकाया राशि और उस पर प्रभारित सामान्य ब्याज में जोड़ दिया जाएगा। छमाही ब्याज के भुगतान में तीन बार चूक होने पर पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को यह अधिकार होगा कि वह उस पालिसी को अभ्यर्पित कर ले तथा उसके अभ्यर्पण मूल्य का उपयोग उक्त ऋण और ब्याज के भुगतान में कर ले। ऐसे अभ्यर्पण मूल्य की, यदि कोई शेष राशि 10,000/-रु. की पालिसी के प्रदत्त मूल्य के लिए पर्याप्त हो तो, उसका उपयोग ऐसे प्रदत्त पालिसी जारी करने के लिए किया जाएगा। अन्यथा, वह राशि उस पक्षकार को नकद अदा की जाएगी, जो उसका हकदार हो।

दावे के निस्तारण के समय में ब्याज सहित ऋण की बकाया राशि पालिसी के मूल्य से वसूली जाएगी। ऋण पर ब्याज उस माह की अंतिम तारीख तक उपार्जित होगा जिसमें कोई पालिसी परिपक्वता अथा अभ्यर्पण के कारण दावा बनती है, बशर्ते कि ऋण पर कम से कम छः माह ब्याज प्रभारित हुआ हो।

59(4) जिस तारीख को ऋण की अंतिम रूप मे वापसी/अदायगी की जाए, उसी तारीख को संबंधित पोस्टमास्टर वापसी/अदायगी की राशि, वापसी/अदायगी भुगतान की तारीख, बीमादार का नाम तथा उसकी पालिसी तथा ऋण खाते की संख्याओं के बारे में विवरण देते हुए पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को अपने ऋण की अंतिम अदायगी की सूचना अलग से भेजे। उपर्युक्त सूचना प्राप्त होने पर, उस महीने के अन्त तक प्रभार्य ब्याज की गणना पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा की जाएगी जिस महीने अंतिम भुगतान (बशर्ते कि कम से कम छमाही के लिए ऋण पर ब्याज पहले मे ही लिया जा चुका हो) किया गया था तथा उसकी राशि रजिस्ट्री डाक से बीमादार को सूचित की जाएगी। पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख द्वारा सूचना जारी किए जाने की तारीख से 21 दिनों के भीतर किसी भी प्रधान या उप डाकघर में बीमादार को ब्याज राशि का भुगतान करना होगा।

59(5) यदि बीमाकृत व्यक्ति कर्ज चुकाने से पहले पालिसी अभ्यर्पित करना चाहे, तो उसे पालिसी अभ्यर्पित करने, ऋण तथा देय ब्याज की शेष राशि का अभ्यर्पण मूल्य में समायोजन करने तथा शेष राशि, यदि कोई हो, का उसे भुगतान करने के लिए उस पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख को आवेदन करना चाहिए, जिसके पास उसकी पालिसी जमानत के रूप में रखी है। यह आवेदन पत्र प्राप्त होने पर पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख आगे प्रीमियमों की वसूली रोकने तथा पालिसी अभ्यर्पित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

60. जहां भुगतान के लिए परिपक्व होने वाली किसी पालिसी के संबंध में पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख की यह राय हो कि सुरक्षित राशि के बारे में परस्पर विरोधी दावों अथवा उसके हक के संबंध में पर्याप्त सबूत न होने के कारण अथवा किसी अन्य उचित कारण से उसके लिए अन्यथा यह संभव न हो कि वह उस राशि के भुगतान के संबंध में संतोषजनक उन्मोचन प्राप्त कर सके, वह बीमा अधिनियम 1938 की धारा 47 में निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात उक्त अधिनियम की धारा 47 के उपबंधों के अनुसार, जिस न्यायालय के क्षेत्राधिकार में वह आता हो, उस न्यायालय को, उस राशि का भुगतान करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए, आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में कार्यवाही कर सकता है। यदि न्यायालय आवेदन को स्वीकार कर लेता है तो भुगतान न्यायालय में किया जाएगा। पोस्टमास्टर जनरल/डिवीजन प्रमुख भी न्यायालय को आवेदन करने के पश्चात दावे के संबंध में प्राप्त किए गए प्रत्येक नोटिस को प्रेषित करेगा ताकि न्यायालय, राशि से संबंधित दावों का निपटान कर सके। ऐसा भुगतान करने पर पालिसी के संबंध में निधि अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है।

61. आत्महत्या संबंधी मामले[50]

ऐसे मामले में जहां बीमित व्यक्ति ने पालिसी की स्वीकृति की तिथि के पश्चात किसी भी समय आत्महत्या कर ली हो (उस समय पर स्वस्थचित्त हो या नहीं) तथा अपना पहला प्रीमियम पूरा अदा कर दिया हो परन्तु ऐसा इस स्वीकृति तिथि के समाप्त होने के दो वर्ष पश्चात नहीं हो, अथवा पहले प्रीमियम का भुगतान, इनमें जो भी बाद में हुआ हो तो पालिसी को निरस्त माना जाएगा तथा उक्त पालिसी के लिए विभाग द्वारा कोई भी दावा मान्य नहीं किया जाएगा सिवाय उस लाभ सीमा तक जो किसी भी व्यक्ति (बीमित व्यक्ति के अतिरिक्त) ने उक्त पालिसी के आधार पर प्राप्त किया हो जिसके लिए बीमित व्यक्ति की मृत्यु से पहले उसकी तरफ से एक माह पूर्व नोटिस के द्वारा महानिदेशक (डाक) अथवा संबंधित पोस्टमास्टर जनरल को दिया गया हो तथा इसके आगे यह कि इस बात का पर्याप्त सबूत हो, कि पालिसी में संबंधित व्यक्ति का महानिदेशक (डाक) अथवा पोस्टमास्टर जनरल की संतुष्टि के अनुसार अधिकार हैं।

"नामांकित अथवा कानूनी वारिस(वारिसों) द्वारा बीमाकर्ता की हत्या के मामले में मृत्यु दावों का निपटान"

62. यदि पालिसी धारक की कानूनी प्रतिनिधि/नामांकित द्वारा हत्या कर दी गई हो तो हत्या करने वाले को पालिसी कि राशि तब भी नहीं दी जाएगी चाहे, किसी सक्षम न्यायालय ने उसे संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया हो। ऐसे व्यक्ति (यों) जो धारक की मृत्यु पर डाकघर जीवन बीमा नियमावली 2011 के अंतर्गत पालिसी की धनराशि प्राप्त करने के पात्र हैं, को यदि उन्हें पालिसी धारक की हत्या करने अथवा ऐसे किसी कृत्य को

बढ़ावा देने का दोषी पाया जाता है तो ऐसे व्यक्ति का दावा जिसमें परिवार के अन्य पात्र व्यक्ति सम्मिलित हैं, तब तक निलंबित रहेगा जब तक उनके विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही का निष्कर्ष नहीं आ जाता। यदि आपराधिक कार्यवाही पूरी होने के बाद संबंधित व्यक्ति पालिसीधारक की हत्या के लिए दोषसिद्ध होता है अथवा संदेह का लाभ देकर बरी किया जाता है, तो भी पालिसी की राशि प्राप्त करने के लिए वह व्यक्ति प्रतिबंधित रहेंगे और पालिसी की राशि पालिसीधारक के अन्य पात्र कानूनी वारिस(वारिसों) को दी जाएगी[38]।

परिशिष्ट

रक्षा सेवा कार्मिकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया

1. अपने जीवन का बीमा कराने अथवा कोई बन्दोबस्ती बीमा पालिसी खरीदने का इच्छुक, रक्षा सेवा का कोई भी सदस्य किसी प्रधान डाकघर (1सीबीपीओ)/ 2 सीबीपीओ) अथवा उप डाकघर (1 सीबीपीओ अथवा 2 सीबीपीओ के अंतर्गत एफपीओ) से अथवा अपने यूनिट (मूल यूनिट अथवा मूल यूनिट को सेवा देने वाली डाक यूनिट), पोत स्थापना अथवा कार्यालय से निर्धारित प्रस्ताव फार्म प्राप्त कर सकता है। जहाँ तक संभव हो, तो उसे प्रस्ताव फार्म के प्रश्नों की उत्तर अपनी ही लिखावट में देना चाहिए क्योंकि वह प्रस्ताव में दिए प्रश्नों के उत्तरं के लिए जिम्मेदार होगा। उसे अपना प्रस्ताव अपने "आसन्न उच्च अधिकारी" को प्रस्तुत करना चाहिए, अर्थात्

(क) भारतीय थल सेना से संबंधित और यूनिट के साथ सेवारत प्रस्तावकों के मामले में, कमान अफसर अथवा उनके स्थान पर उत्तर देने वाला अधिकारी;

(ख) भारतीय नौ सेना से संबंधित प्रस्तावकों के मामले में, पोत अथवा स्थापना का कमान अफसर;

(ग) भारतीय वायु सेना से संबंधित प्रस्तावकों के मामले में यूनिट अथवा स्टेशन कमांडर;

(घ) भारतीय थल, नौ और वायु सेना से संबंधित यूनिट से बाहर सेवारत प्रस्तावकों के मामले में, कमीशन प्राप्त अथवा राजपत्रित श्रेणी का आसन्न उच्च अधिकारी;

2. आसन्न उच्च अधिकारी प्रस्तावक के सामने प्रस्ताव को पढ़ेगा और उसकी व्याख्या करेगा और अपनी उपस्थिति में उससे हस्ताक्षर (यदि प्रस्तावक हस्ताक्षर करने में असमर्थ हो उसके बांये हाथ के अंगूठे का निशान लगवाएगा) करवाएगा और प्रस्ताव फार्म में निर्धारित प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करेगा।

3. यदि संभव हो, तो "आसन्न उच्च अधिकारी" को निम्नलिखित अभिलेखों में अन्तर्विष्ट प्रस्ताव के, वर्णनात्मक ब्यौरों की एक प्रमाणित प्रतिलिपि अपने ही कार्यालय में तैयार करनी चाहिए अथवा इन अभिलेखों को रखने वाले अधिकारी से प्राप्त करनी चाहिए।

4. आसन्न उच्च अधिकारी को इस प्रमाणित प्रतिलिपि पर अपनी उपस्थिति में, प्रस्तावक के हस्ताक्षर(यदि वह हस्ताक्षर करने में असमर्थ हो तो उसके बांये हाथ के अंगूठे का निशान) प्राप्त कर लेना चाहिए और उसके बाद इसे प्रस्ताव में संलग्न कर देना चाहिए।

5. वर्णनात्मक ब्यौरों की प्रमाणित प्रतिलिपि में निम्नलिखित सूचना होनी चाहिए:-

(क) पूरा नाम

(ख) पिता का नाम

(ग) जन्म स्थान

(घ) जन्म तिथि

(ङ) नामांकन की तिथि

(च) पहचान चिह्न (कम से कम दो)

(छ) रैंक/योग्यता क्रम, सेना का मूल सेना त्रिभाग/कोर; वर्तमान यूनिट/पोत, नियुक्ति, कार्मिक/कर्मचारी संख्या।

(ज) यदि कमीशन प्राप्त अधिकारी हो, तो कमीशन का प्रकार, अर्थात् स्थायी, अल्प-कालिक सेवा, विस्तारित सेवा कमीशन आदि।

(झ) प्रस्तावक का वेतन-लेखा रखने वाले अधिकारी का ब्यौरा।

(ञ) उस अधिकारी का ब्यौरा जो बीमाकृत व्यक्ति तथा रक्षा सेवा प्राक्कलन से वसूल किए जाने वाले प्रीमियम के लिए डेबिट स्वीकार करेगा।

6. <u>रक्षा सेवाओं के सदस्यों के मामले में आसन्न उच्च अधिकारी निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन भी करेगा :-</u>

(क) इस बात को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए विस्तृत विवरण की प्रमाणित प्रति सहित प्रस्ताव की सावधानीपूर्वक छानबीन करेगा कि प्रस्ताव की शर्तें स्वीकार हैं या नहीं और यदि यह पता चले कि प्रस्तावक के जीवन का बीमा किया जाना या जो डाकघर बीमा निधि द्वारा या प्राइवेट बीमा कम्पनी द्वारा, किसी पूर्व अवसर पर स्वास्थ्य के आधार पर इन्कार कर दिया गया था अथवा प्रस्तावक किसी विशेष प्रकार की छूटी के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अयोग्य पाया गया हो, तो यदि संभव हो, तो चिकित्सक की राय प्राप्त की जानी चाहिए और उसे प्रस्तावक फार्म के साथ उस चिकित्सा अधिकारी के पास अग्रेषित करना चाहिए, जिसके पास प्रस्तावक को स्वास्थ्य परीक्षा के लिये भेजा जाए, अन्यथा चिकित्सा अधिकारी का ध्यान विशेष रूप से उस आशय की उन प्रविष्टियों की ओर आकृष्ट किया जाना चाहिए, जो प्रस्तावक द्वारा प्रस्ताव फार्म में संबंधित प्रश्नों के सामने की गई हों।

